26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 24 फरवरी, 2026

अंक- 122 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## दिल्ली में आपात लैंडिंग

दिल्ली में स्पाइसजेट के विमान की आपात लैंडिंग कराई गई है। उड़ान भरने के बाद तुरंत बाद चिंगारी दिखने के कारण फ्लाइट को उतारने का फैसला लिया गया। लेह जा रहे इस विमान में 150 यात्री सवार थे।


## बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES भगन्दर FISTULA फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

### सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री सांई अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर


# बंगाल में ओडिशा और झारखंड के अफसर भी कर सकते हैं तैनात- सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अहम आदेश दिया है। अदालत ने कहा है कि चुनाव प्रक्रिया की पवित्रता बनाए रखना सबसे जरूरी है। समय कम है और काम बहुत बड़ा है। ऐसे में न्यायिक अधिकारियों की संख्या बढ़ाना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को अतिरिक्त सिविल जज तैनात करने की अनुमति दे दी है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तीन साल से अधिक अनुभव वाले सिविल जज, चाहे वे सीनियर डिवीजन के हों या जूनियर डिवीजन के, एसआईआर प्रक्रिया में लगा सकते हैं। यदि इसके बाद भी मानव संसाधन की कमी हो तो झारखंड और उड़ीसा हाईकोर्ट से सेवारत या सेवानिवृत्त न्यायिक अधिकारियों की मदद ली जा सकती है। अदालत ने दोनों राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों से ऐसे अनुरोध पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने को कहा है। सुनवाई के दौरान बताया गया कि अब तक 294 जिला और अतिरिक्त जिला जज एसआईआर के अंतिम चरण में तैनात किए गए हैं।


## होटल में स्टाफ की आवश्यकता

1. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747



पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



## सांवरिया सेठ
( श्याम बाबा ) के दर्शन करें।

प्राचीन शिव मंदिर अग्रवाल धर्मशाला

रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453



जिले का पहला एवं एकमात्र
## Sports Injury & Joint Replacement Centre

## भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

**डॉ. मनु अग्रवाल**
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION )
5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear)
6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



रविवार अवकाश

समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411





खुल गया! खुल गया!

## श्री लाइट



सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।



पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans




## सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476



# बीआरसी केन्द्र पर हुआ 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम



**नूरपुर ( चिंगारी )**। सोमवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र नूरपुर पर 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश ने की। उच्च प्राथमिक विद्यालय धामरौला की बालिकाओं ने सरस्वती वंदना कर स्वागत गीत उच्च प्राथमिक विद्यालय छजुपुरा की बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ सतीश कुमार, डाइट मेंटर निशा द्वारा बच्चों को शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, व्यायाम खेलों के साथ शिक्षा पर ध्यान देने की अपील की। आकांक्षा चौहान ने कहा कि 0 से 6 वर्ष की आयु में बच्चों के मस्तिष्क का तीव्र विकास होता है। यदि इस अवस्था में उन्हें उचित पोषण, सही मार्गदर्शन और सीखने का सकारात्मक वातावरण मिले, तो उनका भविष्य मजबूत बनता है। खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश द्वारा बताया कि इस योजना के अंतर्गत बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाता है, जिससे कुपोषण की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण पक्ष स्वास्थ्य सेवाएं भी हैं। इसके अलावा गर्भवती एवं धात्री माताओं को पोषण संबंधी परामर्श, स्वास्थ्य जानकारी और आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाता है। हमारा आंगन-हमारे बच्चे कार्यक्रम आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल पोषण केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और आनंददायक सीखने का स्थान बनाने पर जोर देता है। केंद्रों में स्वच्छता, सुरक्षित वातावरण और बाल अनुकूल संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सामाजिक व्यवहार का विकास होता है। कार्यक्रम में विकास खंड की समस्त न्याय पंचायत में संचालित बाल वाटिका में पंजीकृत 5 से 6 वर्ष तक के 70 बच्चों को स्टेशनरी किट, शील्ड देकर सम्मानित किया और सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत करने वाले सभी बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में अंगजीत चौधरी, अमिता यादव, भोपाल सिंह, ऋतुराज सिंह, नरेंद्र सिंह, पंकज राणा, शिक्षा त्यागी, मीनाक्षी, किरण कुमार आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

## पांच साल की आयरा ने रोज़ा रखा

**झालू ( चिंगारी )**। रमजान माह में कस्बा झालू में पांच वर्षीय आयरा शरीफ ने अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा । कस्बा झालू के मोहल्ला पीरजादगान निवासी शरीफ अहमद की पांच वर्षीय मासूम बेटी आयरा ने रोज़ा रखने की सआदत हासिल की, जिसकी वजह से आयरा के वालिद मौ. शरीफ व वाल्दा ज़ैनब ने खुशी



इजहार किया। आयरा शरीफ का रोज़ा मुकम्मल होने पर इफ्तार का एहतेमाम किया गया, जिसमें परिवार के सभी लोगों ने एक साथ मिलकर एक ही दस्तरखान पर बैठकर रोजा इफ्तार की। आयरा शरीफ के नाना नगीना निवासी शाह आलम उर्फ बब्बू नानी कौसर जहां ने रोजा रखने पर अपनी नाती के साथ-साथ वालिद मौहम्मद शरीफ व वालिदा ज़ैनब को भी मुबारकबाद दी। और आयरा शरीफ की दादी शकीला व दादा अनीस पधान ने अपनी पोती के सर पर हाथ फेरकर दुआएं दीं।


## अपने रिश्ते की रश्म के दौरान गश खाकर गिरा युवक

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )**। रिश्ते की रश्म के दौरान नशे की गोली खाकर नीचे गिरे युवक को बदहवास देख लड़की के परिजनों ने रिश्ता करने से इंकार कर दिया। यहां एक वेंकट हॉल में स्थानीय एक युवक के रिश्ते का फंक्शन चल रहा था। सभी ने खाना-पीना किया। रिश्ते की रश्म के दौरान युवक बदहवास होकर गिर गया। जिसे देख लड़की पक्ष ने रिश्ता करने से इंकार कर दिया। मामला थाने तक जा पहुंचा। लड़की पक्ष ने अब तक हुए सभी खर्च की मांग को लेकर लड़के के परिजनों के नाम एक तहरीर दी है। इस रिश्ते को लेकर तरह-तरह की चर्चा व्याप्त हैं। बताया जा रहा है कि युवक ने रिश्ता न करने के लिए यह नाटक किया था। इस घटनाक्रम के बाद रिश्ते की सारी खुशियां मायूसी में बदल गईं। लड़की पक्ष वेंकट हॉल के बाहर रिश्ते का सारा सामान रखकर चले गये।

**आज का विचार**

## होली पर याद करें अपना बचपन

-सत्यराज



इंद्रधनुषी रंगों से सराबोर होली पूरे भारतवर्ष में एक विशेष और हुड़दंग पूर्ण त्यौहार के रूप में मनाई जाती है। वृंदावन बरसाने के बाद धामपुर जैसे छोटे कई शहरों में होली कई-कई दिन तक लगातार मनाते हैं। ऐसे में सड़कों पर विवाद होना एक आम बात हो जाती है। उम्र के दूसरे तीसरे दौर में आ गए लोगों को अब यह बुरा लगने लगता है, ऐसे में हमें चाहिए कि हम अपने बचपन को भी याद कर लें। आज हम अपने बच्चों या हमारे ऊपर फेंक रहे रंग गुलाल वाले बच्चों को डांटते हैं, लेकिन याद करें कि जब हम बच्चे थे तो हम क्या करते थे और हमारे बड़े हमें किस तरह डांटते थे। यह जीवन की एक बहुत ही स्वाभाविक प्रक्रिया है। ऐसा सदियों से होता आया है और आगे भी होता रहेगा। ऐसे में हमें ही थोड़ा रुककर सोचना चाहिए, न तो होली की परंपरा बदलेगी और न बचपन का मौलिक गुण बदलेगा, इसलिए साथियों हमें यदि रंग खेलना उतना अच्छा नहीं लगता तो या तो अपने घर-आवास से ही न निकलें और यदि कोई हम पर रंग गुलाल डाल देता है तो उसे शांत मन से मुस्कुराकर स्वीकार करें। यही होली भी कहती है। धामपुर की परंपरा है कि यहां पर यह त्यौहार एकादशी से दुलेंहड़ी तक चलता है। प्रतिदिन सवेरे से ही बच्चे गीले रंग लेकर अपने-अपने छतों और गली चौराहा पर आ जाते हैं। दोपहर लगभग दो-तीन बजे तक आने जाने वाले को रंगों से रंगते रहते हैं। एकादशी के दिन रंग का जुलूस निकलता है। होली के दिन शाम को गुलाल जुलूस निकलता है और दुलेन्हडी के दिन धामपुर का बहुत ही प्रसिद्ध हो चुका हवन जुलूस निकलता है।





# खेत में खेल रहे बच्चे को उठा ले गया गुलदार

**किरतपुर ( चिंगारी )।** निकटवर्तीय गांव शेखपुरा लाला का निवासी किसान कल अपने खेत पर गन्ना की बुआई कर रहा था। दोपहर बाद उसका 5 वर्षीय पुत्र कायरव भी खेत पर खेल रहा था। जिस खेत में गन्ना बोया जा रहा था, उसके पास ही गन्ने का खेत है, उसमें से अचानक गुलदार निकल आया और कायरव को उठाकर ले गया। बच्चे की चीख सुनकर खेत पर मौजूद सभी लोग शोर मचाते हुए गन्ने के खेत में घुस गए, जिससे गुलदार बच्चे को घायल अवस्था में छोड़कर भाग गया। परिवार बच्चे को बिजनौर अस्पताल ले गए जहां उसकी हालत गंभीर देखकर मेरठ रेफर कर दिया गया। ज्ञात हो कि गुलदार रोजाना गांव के आसपास देखा जा रहा था जिससे लोगों में खौफ व्याप्त है। रेंजर रामकुमार ने बताया कि गांव में पिंजरा भेज दिया गया है।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वसीक अहमद पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद, बिजनौर
मौ. मिर्दगान बी-10, बिजनौर




छठा रोजा : मंगलवार, 24 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:16, शिया 6:26
सातवां रोजा : बुधवार, 25 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:23, शिया-5:16

# 15 जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया



**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली अनंता द्वारा एक सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन बहुत ही धूमधाम से किया गया। यह कार्यक्रम रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली अनंता ,के पूर्व प्रेसिडेंट मनोज अग्रवाल एवं श्रीमती प्रज्ञा अग्रवाल के निवास स्थान नई दिल्ली पर आयोजित हुआ। इस वैवाहिक कार्यक्रम में 15 जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में रामा एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं रोटरी क्लब ऑफ दिल्ली अनंता के प्रेसिडेंट श्री अरुण गोयल, श्रीमती रचना गोयल, मनोज अग्रवाल व श्रीमती प्रज्ञा अग्रवाल द्वारा 15 कन्याओं का कन्या दान किया गया। कन्यादान करने से पूर्व सभी ने उपवास रखा। इन सभी 15 कन्याओ के दान-दहेज का सारा सामान, खान-पान की व्यवस्था एवं अन्य खर्च रोटरी क्लब के सभी मेंबर के सहयोग एवं डोनेशन से संभव हो सका।

# छोटा हाथी और ट्रक की टक्कर में दो की मौत

**मुजफ्फरनगर ( चिंगारी )।** रतनपुरी थाना क्षेत्र में गंग नहर के पास छोटा हाथी और ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दो मजदूरों की मौत हो गई, 20 से ज्यादा से घायल हो गए, जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायल लोगों को देखने मंत्री कपिल देव अग्रवाल जिला अस्पताल पहुंचे। बताया जा रहा है कि सभी लोग मटर तुड़वाने खेत पर जा रहे थे। घायलों को खतौली अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से कुछ की हालत गंभीर होने पर मेरठ रैफर किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम Mohmmad Sharookh से बदलकर Mo. Sharukh रख लिया है भविष्य में Mo. Sharukh के नाम से जाना पहचाना जाए। **मो. शारुख पुत्र ननवा निवासी- फरीदपुर काजी, बिजनौर**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# युवक के साथ बेरहमी से मारपीट, वीडियो वायरल

**किरतपुर ( चिंगारी )।** रिश्तेदारी से लौट रहे युवा को कुछ युवकों ने बेरहमी से पीट दिया। पुलिस ने रिपोर्ट लिखकर जांच शुरू कर दी।विवेक पुत्र राज कुमार शर्मा निवासी ग्राम सुवाहेड़ी ने थाने में रिपोर्ट लिखवाई कि कल दोपहर 1:00 बजे उसका छोटा भाई कपिल शर्मा ग्राम गाजीपुर से अपने गांव लौट रहा था। जब वह एसएम स्कूल के पास पहुंचा तो 5-6 अज्ञात युवकों ने उसे धारदार वस्तु से मारपीट कर घायल कर दिया। आसपास के लोग इकट्ठा होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है और मेडिकल की रिपोर्ट आने पर संबंधित धाराएं बढ़ा दी जाएंगी और युवकों की तलाश की जा रही है। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें कुछ युवक कपिल को बेरहमी से मारते पीटते दिखाई दे रहे हैं।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट





फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## भाषा की भद्द पीटते नेता

इस कालखंड के बारे में एक बात एकदम पक्की है कि इसे नैतिकता, शुचिता, सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार के पतन, वायदों और घोषणाओं के प्रति निर्लज्जता की सारी हदें पार करने वाली बेशर्मी के कालखंड के रूप में जाना जाएगा। जिस निर्लज्जता के साथ शीर्ष पर बैठे लोग झूठे वादे और निराधार दावे कर रहे हैं, वह चौंकाने वाला है। प्रधानमंत्री जैसे जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति तक ने हम 5 हमारे 125, पचास करोड़ की गर्लफ्रेंड से लेकर कांग्रेस की विधवा जैसी बातों से आरम्भ करके उसे कटटे तक पहुंचाया। नीचे के कुनबे में यह और कितने नीचे तक पहुंची, इसे जानने के लिये गिरिराज सिंह और हिमंता विश्वसरमा के बोल देखे-सुने जा सकते हैं। उधर, कांग्रेस तथा अन्य कई पार्टियों के नेताओं ने भी भाषा और पद की मर्यादा को तार-तार करने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। मोदी तेरी कब्र खुदेगी, जैसे नारे लगाये जाते हैं। मां तक को अपशब्द कहे जाते हैं।

ऐसा रातोंरात नहीं हुआ है। इसकी शुरूआत पूंजीवादी समाज के दिखावटी शिष्टाचार को गहरे में दफनाने से हुयी है। भारत की सामाजिक-राजनीतिक विरासत के प्रतीक, स्वतंत्रता संग्राम के नायकों के बारे में ऊलजलूल बातों से शुरू हुआ सिलसिला उनके बारे में अभद्र और अश्लील हमलों तक पहुंच गया है। भाषा का यह क्षरण चौंकाने वाला है। इस अमर्यादित, अशिष्ट भाषा को सड़क छाप कहना इसे कम करके देखना होगा। यह समाज में अराजक और उसमें रहने वालों को वहशी बनाने की महापरियोजना का एक हिस्सा भर है।

बड़े भाषा विज्ञानी लोग चोम्स्की मीडिया और राजनीतिक प्रचार में इस्तेमाल की जाने वाली भाषा का विश्लेषण करते हुए ठीक ही बताते हैं कि सत्ता में बैठे लोग जनमत को अपने अनुकूल ढालने, अपनी आमतौर से अस्वीकार्य विचारधारा को जनता के गले उतारने और उसे फैलाने के साथ-साथ सामाजिक गैर-बराबरी को मजबूत करने के लिए भाषा का उपयोग एक औजार के रूप में करते हैं। चोम्स्की भाषा की सार्वभौमिकता पर जोर देते हुए उसे शक्ति के खेल का एक हिस्सा बताते हैं।

गरज यह कि इस तरह से जनता को उन बातों के लिए राजी किया जाता है, जो दरअसल खुद उसके ही खिलाफ होती हैं। इन दिनों यह होता देखा जा सकता है। इस तरह से भाषा वैचारिक प्रभुत्व कायम करने का एक माध्यम बन जाती है, जहां हुक्मरानों के जनविरोधी, समाज विरोधी विचार स्वभाविक सहज और सामान्य विचारों के रूप में प्रस्तुत किए जाने लगते हैं। इस दौर में यह गिरावट भयानक गति के साथ हुयी और लगातार जारी है। एक समय था जब राजनीतिक विपक्ष विरोधी होता था, दुश्मन नहीं। असत्य को ज्यादा दिनों तक तथ्य बनाकर प्रस्तुत नहीं किया जा सकता था, मगर जैसे-जैसे नेताओं के पांवों के नीचे से जमीन खिसकती गयी, वैसे-वैसे सिर्फ भाषा ही पतित नहीं हुई, प्रस्तुति भी विकृत होती गयी। अब इसे बाकायदा नथुने फुलाकर और चीख-चिल्लाकर, भुजाएं फड़काते हुए अश्लीलता की हदें लांघते हुए भद्दे और भौंडे इशारे करके उपयोग करना आम बात है।

# बोझ नहीं, वरदान हैं बूढ़े मां-बाप

**सच तो यह है कि मां-बाप बोझ नहीं होते, हमारी संवेदनहीन सोच बोझ बन जाती है। संस्कारों की असली पहचान केवल पैर छू लेने या त्यौहारों पर सम्मान देने का नाम नहीं है। असली संस्कार तब दिखते हैं जब मां-बाप असहाय होते हैं और उन्हें हमारी जरूरत होती है।**

समय का पहिया निरंतर घूमता रहता है। जो मां-बाप कभी हमारी उंगली पकड़कर हमें चलना सिखाते थे, आज वही डगमगाते कदमों से सहारे की उम्मीद करते हैं। जिन्होंने हमारी हर जिद, हर ख्वाहिश और हर सपने को अपना समझकर पूरा करने की कोशिश की क्या वही मां-बाप बुढ़ापे में हमारे लिए बोझ बन जाते हैं? यह सवाल केवल एक परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज के चरित्र की परीक्षा है।

एक पिता अपनी इच्छाओं को त्याग कर बच्चों की पढ़ाई, शादी और भविष्य के लिए दिन-रात मेहनत करता है, वह थकता जरूर है लेकिन रुकता नहीं।



एक मां अपनी तकलीफों को छुपाकर बच्चों की खुशी में मुस्कुराती रहती है। कई बार वह खुद पुरानी साड़ी पहन लेती है, लेकिन बच्चे के लिए नया कपड़ा जरूर लाती है। उन्होंने कभी यह नहीं सोचा कि बदले में क्या मिलेगा। उनके लिए बच्चों की तरक्की ही सबसे बड़ा पुरस्कार था, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, शरीर साथ छोड़ने लगता है, आंखें धुंधली हो जाती हैं, कदम धीमे पड़ जाते हैं। याददाश्त कमजोर हो जाती है। और इसी मोड़ पर अक्सर उनके अपने ही उन्हें पुराने विचारों वाला या झंझट समझने लगते हैं। आज का दौर भागदौड़ का है। नौकरी, व्यवसाय, बच्चों की पढ़ाई, सामाजिक दबाव, हर कोई व्यस्त है। संयुक्त परिवार टूटकर एकल परिवारों में बदल गए हैं। बुजुर्गों के लिए घर में जगह तो होती है, लेकिन समय नहीं। धीरे-धीरे उनका कमरा घर के एक कोने तक सीमित हो जाता है, बातचीत औपचारिक रह जाती है। जैसे दवा ले ली, खाना खा लिया, लेकिन कोई यह नहीं पूछता कि आप कैसा महसूस कर रहे हैं। वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या इस बात का प्रमाण है कि हम भौतिक रूप से आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन भावनात्मक रूप से कहीं पीछे छूटते जा रहे हैं। अगर एक नजरिए से सोचा जाए जब हम छोटे थे, तब क्या हम बोझ नहीं थे? हम बीमार पड़ते थे, जिद करते थे, पढ़ाई में कमजोर पड़ते थे, लेकिन क्या मां-बाप ने कभी हमें बोझ कहा? उन्होंने हमारी हर कमजोरी को अपने धैर्य से ढका, तो फिर आज उनकी कमजोरी हमें भारी क्यों लगने लगी?

सच तो यह है कि मां-बाप बोझ नहीं होते, हमारी संवेदनहीन सोच बोझ बन जाती है। संस्कारों की असली पहचान केवल पैर छू लेने या त्यौहारों पर सम्मान देने का नाम नहीं है। असली संस्कार तब दिखते हैं, जब मां-बाप असहाय होते हैं और उन्हें हमारी जरूरत होती है। उनके साथ कुछ पल बैठकर बातें करना, उनकी पुरानी यादों को सुनना, उनके अनुभवों को महत्व देना यही सच्ची सेवा है। बुजुर्ग घर की जड़ होते हैं। जड़ें मजबूत हों तो पेड़ हरा-भरा रहता है। जिस घर में बुजुर्गों की दुआएं होती हैं, वहां सकारात्मक ऊर्जा और आशीर्वाद अपने आप बस जाते हैं। इसलिए जरूरत है कि हम अपने बच्चों को केवल आधुनिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों की शिक्षा भी दें। उन्हें बताएं कि माता-पिता कोई बोझ नहीं, बल्कि जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जीवन एक चक्र है। आज वे बूढ़े हैं, कल हम होंगे। आज हम जैसा व्यवहार करेंगे, कल वैसा ही हमें वापस मिलेगा, इसलिए अपने घर के बुजुर्गों को फिर से सम्मान और अपनापन दें। उनके अकेलेपन को अपना समय देकर दूर करें, उनकी दवाइयों से पहले उनकी भावनाओं का ख्याल रखें, क्योंकि मां-बाप जिम्मेदारी नहीं, ईश्वर का दिया हुआ आशीर्वाद हैं। उन्हें बोझ समझना केवल उनके त्याग का अपमान नहीं, बल्कि अपने संस्कारों का भी पतन है। जब मां-बाप बूढ़े हो जाते हैं, तब उन्हें सहारे की जरूरत होती है और वही सहारा देना हमारा कर्तव्य भी है और सौभाग्य भी। **-नितिन दिनेश कौशिक**

# शिक्षा में विषाक्त वातावरण का दोषी कौन



-इतिहास साक्षी है कि 1947 में देश का आधा अधूरा बंटवारा धार्मिक आधार पर हुआ, फिर भी दोनों देशों में दोनों ही धर्मों के कुछ अनुयायी शेष रह गए। पाकिस्तान में अनेक जातियों के हिंदू रह गए और भारत में एक बड़ा मुस्लिम समाज रह गया। प्रारम्भिक काल में सामाजिक और धार्मिक समरसता के लिए साझा संस्कृति का भरपूर प्रचार-प्रसार किया गया। स्वाधीनता की आधी सदी के बाद अखंड भारत के देशों भारत, पाकिस्तान और भारत में लोकतांत्रिक और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो स्पष्ट हो जाएगा, कि अन्य देशों के मुकाबले भारत में धार्मिक और जातीय आधार पर अधिक स्वतंत्रता है। पाकिस्तान और बंगला देश में हिंदू धर्म से जुड़े अनुयायियों और दलितों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है, किंतु भारत में जातिवादी राजनीति के चलते जिस प्रकार से समाज को दलित, पिछड़ा और सवर्ण को बांटने के प्रयास किए जा रहे हैं, उससे लगता है कि राजनीति के हमाम में सभी राजनीतिक दल एक जैसे ही नग्न हैं। राजनीतिज्ञों को आम आदमी से कोई सरोकार नहीं है। उन्हें केवल अपनी राजनीतिक सत्ता स्थाई रखने के षड्यंत्र रचने हैं। यदि ऐसा न होता तो भारत में सत्ता पक्ष जातीय आधार पर भेदभाव के प्रावधानों को लागू करने का दुस्साहस न करता। जिन शिक्षा संस्थानों का दायित्व देश के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को विकसित करके उनके कौशल का विकास करना है। वे शिक्षा संस्थान, भेदभाव और जातीय विघटन का केंद्र बन गए हैं। अस्पृश्यता एवं छुआछूत का जो अध्याय भारतीय समाज से लुप्त हो चुका है, उस अध्याय को पुराने अप्रामाणिक कुतर्कों से पुन: जीवंत किया जा रहा है। शिक्षा संस्थानों में अब अध्ययन अध्यापन की जगह छात्र संगठन देश की राजनीति में दखल देने लगे हैं। छात्रों को भी जातीय आधार पर बांटा जा रहा है, जिसका प्रतिकूल असर सामाजिक समरसता पर पड़ रहा है। इस स्थिति का दोषी कौन है? क्या सत्ता ही अपने भीतर के अंतर्विरोधों से मुक्ति पाने के लिए छात्र-छात्राओं को भ्रमित करके अराजकता को बढ़ावा दे रही है या विघटनकारी शक्तियां छात्र-छात्राओं को उकसाकर राष्ट्र को खंडित करने की दिशा में कार्य कर रही हैं। यह स्पष्ट नहीं है। बड़ा सवाल यही है कि शिक्षा के वातावरण को विषाक्त बनाकर देश को किस ओर ले जाना चाहते हैं?



डा. सुधाकर आशावादी

# बिजनौर को कुपोषण मुक्त बनाने का संकल्प

## नगर पालिका में 150 बच्चों को बांटी गई पोषण किट



**बिजनौर (चिंगारी)।** बिजनौर को कुपोषण की बेड़ियों से आजाद करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद बिजनौर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोमवार को पालिका परिसर स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में पालिका प्रशासन और बाल विकास विभाग के साझा प्रयासों से 150 कुपोषित बच्चों को 'पोषण आहार किट' वितरित की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने की, जबकि संचालन अधिशासी अधिकारी (ईओ) विकास कुमार ने किया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां, बाल विकास अधिकारी और पालिका के तमाम अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि बिजनौर को पूर्णतः कुपोषण मुक्त बनाना उनका मुख्य संकल्प है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि केवल एक विभाग के प्रयास से यह संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए सभी विभागों को एकजुट होकर अपने दायित्वों का निर्वाह करना होगा।

ईओ विकास कुमार ने बताया कि वर्तमान में चिन्हित किए गए बच्चों में से 34 बच्चे 'सैम' (अति कुपोषित) और 116 बच्चे 'मैम' (मध्यम कुपोषित) की श्रेणी में हैं। इन सभी बच्चों को उनकी शारीरिक जरूरतों के अनुसार पोषण किट उपलब्ध कराई गई है ताकि उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके। कार्यक्रम में पालिका के कर अधीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी, अवर अभियंता जलकल गौरव शर्मा, संदीप कुमार और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह सहित आंगनबाड़ी और पालिका स्टाफ मौजूद रहा।


सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान**
की दिली मुबारकबाद
**विवेक सेन**

सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20
छठा रोजा : मंगलवार, 24 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:16, शिया 6:26
सातवां रोजा : बुधवार, 25 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:23, शिया-5:16

# लागत से भी कम कीमत मिलने पर आलू उत्पादक किसानों में चिंता



**चांदपुर (चिंगारी)।** आलू उत्पादक किसानों की बैठक में किसानों को आलू की लागत से भी कम मूल्य मिलने पर चिंता जताई गई तथा आगामी आन्दोलन की रूपरेखा बनाने के लिए 27 फरवरी को नवीन मंडी चांदपुर में आलू उत्पादकों की विशाल बैठक करने का भी निर्णय लिया गया।

नवीन मंडी में सुभाष सैनी आढ़ती की अध्यक्षता एवं पूर्व सभासद रूप सिंह सैनी के संचालन में आयोजित बैठक में का अमर सिंह सैनी ने आलू उत्पादकों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि सरकार की नीतियों के कारण आलू उत्पादकों को खुले बाजार में लुटने को विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि आलू उत्पादन में लागत 400 रुपये प्रति कुंतल आती है, और बाजार में आलू 150,200,250 रुपये प्रति बेग बिक रहा है, जिसके कारण आलू उत्पादकों को भारी नुक्सान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने 27 फरवरी को नवीन मंडी में होने वाली बैठक में आलू उत्पादकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में धर्म सिंह, शिवचरन सिंह, रूप सिंह, दलीप सिंह, सुरेश कुमार, निर्देश सैनी, सतपाल सिंह, नरेश सैनी, सोनू सैनी, राहुल सैनी, लज्जा राम, समरपाल सिंह, विनीत सैनी आदि मौजूद रहे।

# सत्यवीरा इंजीनियरिंग कॉलेज में बीबीए का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले के प्रतिष्ठित कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2026 में बीबीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षाफल घोषित हुआ, जिसमें मानवी दवास ने 74.43 प्रतिशत अंक पाकर कर प्रथम स्थान, अशविता त्रिवेदी ने 71.29 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान व कनीज़ जाविया जैदी ने 68 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबन्ध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कुं. उदयन वीरा, कुं. रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) व स्वाति वीरा महाजन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उनके अथक परिश्रम और लगन की सराहना की। संस्था के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा, विभागाध्यक्ष सुधीर लाम्बा सहित विभोर राजवंशी, विवेक कुमार, श्वेता गौड़, गजेंद्र सिंह, निकिता सिंह, अफीफा सिद्दीकी आदि को भी बधाई दी।

# किन्नरों द्वारा ज़बरदस्ती धन उगाही के विरोध में एकजुट हुए झालूवासी

## पुलिस प्रशासन से की कार्रवाई की मांग



**झालू (चिंगारी)।** किन्नर समुदाय के द्वारा बच्चे के जन्म पर एवं विवाह आदि अवसरों पर ज़बरदस्ती अधिक धनराशि मांगने को लेकर स्थानीय नागरिकों में रोष व्याप्त है। इस संबंध में कस्बे के गणमान्य लोगों ने सर्वसमाज की एक बैठक आयोजित कर प्रशासन से आवश्यक कार्यवाही की मांग की है।

नगरवासियों का कहना है कि कुछ किन्नर घर-घर जाकर शिशु जन्म अथवा विवाह के अवसर पर हजारों रुपये की डिमांड करते हैं। आरोप है कि यदि कोई परिवार इतनी बड़ी धनराशि देने में असमर्थता व्यक्त करता है, तो उसके साथ अभद्र व्यवहार व अश्लीलता करते हुए गाली गलौज करने पर आमादा हो जाते हैं तथा दबाव बनाकर धन वसूला जाता है। इस प्रकार की घटनाओं से क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मोहल्ला चौधरियान स्थित धर्मशाला में सर्वसमाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता परवीन सिंह ने की तथा संचालन ज्ञानेश्वर सिंह द्वारा किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि किसी भी प्रकार की ज़बरदस्ती, दबाव या अवैध धन उगाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा। बैठक में उपस्थित लोगों ने कहा कि वे सामाजिक सौहार्द और आपसी सम्मान में विश्वास रखते हैं, लेकिन जबरन वसूली किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। नागरिकों ने यह भी कहा कि स्वेच्छा से परंपरानुसार व सुप्रीम कोर्ट द्वारा दी गाइड लाइन में विवाह के अवसर पर 1100 रुपये तथा शिशु जन्म पर 500 रुपये दिये जाते रहे हैं, लेकिन इससे अधिक धन की मांग या अभद्र व्यवहार अस्वीकार्य है। इस संबंध में कस्बावासियों ने हल्दौर कोतवाल को एक शिकायत पत्र भी भेजा है, जिसमें पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। नागरिकों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, जिससे क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनी रहे। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि आगे भी ज़बरदस्ती धन उगाही की घटनाएं सामने आती हैं तो झालू कमेटी एवं क्षेत्रवासी कानून के अंतर्गत कार्रवाई करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर ज्ञानेश्वर सिंह, उमंग काकरान, संजय कुमार, दिनेश शर्मा, घनश्याम, महेंद्र सिंह, विपिन चौधरी, डॉ. कामेंद्र चौधरी, निपेंद्र सिंह, अरुण कुमार,जगबीर सिंह, कर्मेंद्र सिंह, सचिन, धर्मेंद्र सिंह, विनीत चौधरी, मास्टर वीर सिंह, सुधीर सिंह, देवेन्द्र सिंह, आर्यन चौधरी, मुनीश उर्फ नीटू, नरेश भास्कर, सुमित, साजन सिंह एडवोकेट आदि लोग मौजूद रहे।

# सांसद ने की मालिन नदी एवं माननगर रामगंगा घाट पर स्थायी पुल के निर्माण की मांग

## प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री को चन्द्रशेखर ने लिखा पत्र

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना लोकसभा क्षेत्र में मालिन नदी पर स्थायी पुल निर्माण को लेकर एक बार फिर मांग तेज हो गई है। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना से सांसद एडवोकेट चंद्रशेखर आज़ाद ने उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री को पत्र लिखकर मालिन नदी तथा माननगर रामगंगा घाट पर स्थायी पुल निर्माण की स्वीकृति देने की मांग की है। सांसद ने पत्र में बताया है कि मालिन नदी पर स्थायी पुल न होने के कारण नांगल थाना क्षेत्र और किरतपुर थाना क्षेत्र के दर्जनों गांवों के हजारों ग्रामीण पिछले कई दशकों से गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। यह मार्ग केवल एक-दो गांवों तक सीमित नहीं है, बल्कि सबलपुर, बरकातपुर, पुंडीर खुर्द, कमालपुर, चंदोक, मानपुर, महंसापुर, खेडी, नया गांव, बरामपुर सहित अनेक गांवों के लिए जीवनरेखा की तरह कार्य करता है।



### बरसात में टूट जाता है संपर्क

पत्र में उल्लेख किया गया है कि ग्रामीण प्रतिदिन इसी मार्ग से खेतों, बाजार, स्कूल, अस्पताल और अन्य आवश्यक कार्यों के लिए आवाजाही करते हैं। नदी पर स्थायी पुल न होने के कारण बरसात के मौसम में जब जलस्तर बढ़ जाता है तो संपर्क पूरी तरह टूट जाता है। ऐसे में ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर अस्थायी साधनों या वैकल्पिक मार्गों से गुजरना पड़ता है। कई बार इस दौरान दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है।

### हर साल बनता है अस्थायी पुल

ग्रामीण हर वर्ष अपनी मेहनत और निजी खर्च से लकड़ी, बांस, मिट्टी व लोहे के सहारे अस्थायी पुल तैयार करते हैं ताकि कुछ समय के लिए आवागमन बना रहे। लेकिन पहली ही तेज बारिश में यह अस्थायी पुल बह जाता है, जिससे ग्रामीणों की मेहनत और लाखों रुपये की लागत व्यर्थ हो जाती है।

### माननगर रामगंगा घाट पर भी पुल की जरूरत

सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने माननगर गांव के पास बह रही रामगंगा नदी के घाट पर भी स्थायी पुल निर्माण की मांग उठाई है। यहां पुल न होने के कारण सैकड़ों किसानों को अपनी कृषि भूमि तक पहुंचने के लिए नदी पार करनी पड़ती है। बरसात के मौसम में ट्रैक्टर-ट्रॉली और बैलगाड़ी से नदी पार करना जोखिम भरा हो जाता है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

सांसद ने सरकार से आग्रह किया है कि मालिन नदी और माननगर रामगंगा घाट दोनों स्थानों पर स्थायी पुल निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति दी जाए और शीघ्र निर्माण कार्य शुरू कराया जाये, ताकि क्षेत्र के हजारों नागरिकों को स्थायी राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से पुल निर्माण की मांग केवल फाइलों में सिमट कर रह जाती है। अब सांसद द्वारा पत्र लिखे जाने के बाद लोगों को उम्मीद है कि सरकार इस गंभीर समस्या पर संज्ञान लेकर जल्द कोई ठोस कदम उठाएगी।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान
की दिली मुबारकबाद

मो. ग़ाज़ी
पूर्व विधायक, शेरकोट

छठा रोजा : मंगलवार 24 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:16, शिया 6:26
सातवां रोज़ा : बुधवार, 25 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:23 शिया 5:16


सभी देशवासियों को
मुकद्दस रमज़ान
की दिली
मुबारकबाद
राशिद हुसैन
पूर्व जिलाध्यक्ष सपा

रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
पूर्व जिला सचिव
समाजवादी पार्टी, बिजनौर
रागिब हुसैन उर्फ शहज़ादा
छठा रोजा : मंगलवार 24 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:16, शिया 6:26
सातवां रोज़ा : बुधवार, 25 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:23 शिया 5:16

# राशनडीलरों ने घटतौली का नोटिस मिलने पर, हंगामा किया आपूर्ति कार्यालय पहुंचकर



**चार के खिलाफ रिपोर्ट हुई दर्ज**

**धामपुर ( चिंगारी )।** दो दिन पहले आपूर्ति कार्यालय में हुए हंगामे को लेकर पुलिस ने कार्यवाही करते हुए चार राशन डीलरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी। आपूर्ति निरीक्षक की तहरीर पर दर्ज एफआईआर के अनुसार 21 फरवरी को सुबह 11.30 बजे कुछ राशन डीलर शराब के नशे में आपूर्ति कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से बहस करने लगे। तहरीर में आरोप लगाया गया कि, नोटिस दिये जाने से नाराज राशन डीलरों ने कार्यालय में पहुंचकर गाली गलौज की व सरकारी अभिलेख फाड़ दिये और अधिकारियों को जान से मारने की धमकी दे डाली। इस दौरान कार्यालय का कामकाज बाधित हुआ और कर्मचारियों में भी भय का माहौल व्याप्त हो गया। सूचना मिलने पर जिला आपूर्ति अधिकारी मौके पर पहुंचे और सख्ती बरतते हुए स्थिति को नियंत्रण में कराया। प्राथमिक सूचना रिपोर्ट के अनुसार आरोपियों ने कार्यालय में मौजूद कर्मचारियों के साथ अभद्रता की, और जान से मारने की धमकी दी। हंगामा की वीडियो रिकॉर्डिंग का प्रयास किया तो आरोपियों ने उसे भी नहीं बनने दिया। बताया जाता है कि घटतोली को लेकर दिये नोटिस से कुछ राशन डीलर भड़क गए थे। इसी को लेकर आपूर्ति कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के बीच गाली गलौज करने लगे। पुलिस ने आपूर्ति निरीक्षक की तहरीर के आधार पर चार राशन डीलर सहित अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दिया है।

# कांग्रेस ने मनाई 'पर्वतीय अम्बेडकर' की पुण्यतिथि

## शिल्पकार समाज को संगठित किया था टम्टा ने : सुरेन्द्र नेगी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पर्वतीय अंबेडकर के नाम से प्रसिद्ध मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि स्वर्गीय मुंशी हरिप्रसाद टम्टा उत्तराखंड के उन महान व्यक्तित्वों में से थे, जिन्होंने सामाजिक चेतना, शिक्षा और समानता के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने शिल्पकार समाज को संगठित कर उसे आत्मसम्मान, शिक्षा और सामाजिक भागीदारी की दिशा में आगे बढ़ाया। साथ ही समाज के वंचित और पिछड़े वर्गों के लिए शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और अधिकारों के प्रति चेतना पैदा की। उनके प्रयासों से समाज में आत्मनिर्भरता, संगठन और समान अवसरों की भावना मजबूत हुई। वहीं अन्य वक्ताओं ने भी स्व. मुंशी हरिप्रसाद टम्टा के सामाजिक प्रयासों को याद किया।



कोटद्वार स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी।

कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष विकास नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, गणेश नेगी, बृजपाल सिंह नेगी, सुदर्शन रावत, लक्ष्मी नेगी, शूरवीर सिंह खेतवाल, सुधा असवाल और उर्मिला बहुखंडी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल रहे।

## शैल शिल्पी विकास संगठन ने श्रद्धासुमन अर्पित किये

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शैल शिल्पी विकास संगठन की ओर से सिमलचौड़ स्थित कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखंड के अंबेडकर कहे जाने वाले समाज सुधारक स्व.मुंशी हरिप्रसाद टम्टा की 66वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विकास कुमार आर्य ने कहा कि उन्होंने वंचित समाज के जीवन को सुधारने के लिए उत्कृष्ट कार्य किये। उनकी सामाजिक सेवाओं को देखते हुए अंग्रेजी हुकूमत ने भी उन्हें कई बार सम्मानित करने के साथ ही रायबहादुर की उपाधि से भी नवाजा। 1936में वे गोण्डा (उत्तर प्रदेश) से निर्विरोध विधायक चुने गए। उन्होंने उत्तराखंड प्रदेश के शिल्प पेशे से जुड़े लाखों लोगों को शिल्पकार शब्द के रूप में जाति की मान्यता देने के लिए ब्रिटिश सरकार से आग्रह किया एवं अंग्रेज सरकार द्वारा उनकी बात को मानते हुए शिल्पकार समाज को जाति के मान्यता प्रदान कर एक सम्मानित नाम दिया गया। वे कई भाषाओं के ज्ञाता और लेखक भी थे। मौके पर सेवानिवृत प्रधानाचार्य मनवर लाल भारती द्वारा अपनी लिखित पुस्तक शिल्पकार समाज की चेतना के अग्रदूत, उत्तराखंड के अम्बेडकर राय बहादुर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर एडवोकेट जीवन कुमार, सेवानिवृत रेंजर केशीराम निराला, अरविंद कुमार, मिथलेश कुमार, हर्ष कुमार आशीष कुमार और सचिन कुमार सहित संगठन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# मीरी-पीरी अकेडमी में हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिता




**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** कालागढ़ रोड स्तिथ मीरी-पीरी खालसा अकेडमी अगवानपुर में आयोजित जूनियर एथलेटिक्स कार्यक्रम में बच्चों का उत्साह, अनुशासन और खेल भावना देखने लायक रही। नन्हे प्रतिभागियों ने पूरे जज़्बे के साथ प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी काबिलियत और आत्मविश्वास का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दौड़, मेंढक दौड़, गुब्बारा दौड़, उल्टी दिशा दौड़, लंगड़ी दौड़, बाधा दौड़ और रस्साकशी जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। बच्चों ने पूरे जोश और लगन से भाग लिया, जबकि उपस्थित दर्शकों ने उनका हौसला बढ़ाया।

प्रतियोगिताओं में हर्षित यादव, मनवीर सिंह, गुरताज सिंह, अजीत सिंह, उपकार सिंह, हरवीर सिंह, जसवीर सिंह, हसन, सुखमीत कौर, रविराज सिंह, सहजदीप कौर, गुरजोत सिंह, गुरसेवक सिंह, विमलदीप सिंह, सीरतदीप कौर, गुरसाहिब सिंह, गुरकीरत कौर, दिव्यांश, गुरलीन कौर, भूपेंद्र सिंह, जसकीरत कौर, मौ. असद, सृष्टि, सुखमन सिंह, किरत दीप कौर, वंशदीप सिंह, प्रभगुन कौर, समर सिंह, जसमीत कौर और साहब जीत सिंह सहित अनेक विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। विजेता बच्चों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदकों से नवाज़ा गया। बच्चों की कामयाबी देखकर अभिभावकों ने खुशी और फख्र का इज़हार किया तथा विद्यालय के प्रयासों की सराहना की।

इसी मौके पर P.A-4 परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं भी अभिभावकों को दिखाई गईं। विद्यालय की पारदर्शी और बेहतर तालीमी व्यवस्था को लेकर अभिभावकों ने संतोष जताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मनप्रीत सिंह संधू ने अपने संबोधन में कहा कि संस्था का मकसद सिर्फ किताबों तक सीमित तालीम देना नहीं, बल्कि बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और अच्छे संस्कार पैदा करना है। उन्होंने कहा कि खेल बच्चों को मेहनत, सब्र और टीम भावना सिखाते हैं, जो जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए बेहद जरूरी है।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

छठा रोजा : मंगलवार, 24 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:16, शिया 6:26
सातवां रोजा : बुधवार, 25 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:23, शिया-5:16

# रासेयो शिविर के तीसरे दिन निकाली गई सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के अजुपुरा जट गांव में एसपी कॉलेज तिगरी की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिवस सड़क सुरक्षा को लेकर गांव में एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें लोगों को परिवहन से संबंधित नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय प्रबंधक राहुल बंसल ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए ग्रामीणों का आवाहन किया। उन्होंने बताया कि एक जान की कीमत को समझना चाहिए। सड़क पर चलते समय दो पहिया के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहन को बेल्ट लगाना सुरक्षा की दृष्टि से बहुत जरूरी है, जिससे परिवार के किसी भी सदस्य की दुर्घटना में होने वाली जनहानि से बचा जा सके। कार्यक्रम में सचिन, उमरा, पारुल, सौम्या, नितिन, यश आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी अंबिका बंसल, विपिन कुमार, गुरदीप सिंह, जितेंद्र सिंह, कपिल शर्मा, संगीता सिंह, आसिफ मंसूरी, देव मौर्य, विनय कुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

# आवास को होमस्टे बनायें, अतिरिक्त धन कमायें

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में सोमवार को स्थित सभागार में पर्यटन विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी प्रदीप टम्टा, उपायुक्त उद्योग अमित कुमार सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी एवं उद्योग बंधु मौजूद रहे।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि उ.प्र. राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के पर्यटन परिदृश्य को बदलने वाली उत्तर प्रदेश बैड एंड ब्रेकफास्ट एवं होमस्टे नीति-2025 को आधिकारिक मंजूरी दी जा चुकी है। इस नीति का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को किफायती, सुरक्षित और घरेलू वातावरण में ठहरने की सुविधा प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि स्थानीय निवासी अपने घर के 1 से 6 कमरों (अधिकतम 12 बैड) को होमस्टे के रूप में पंजीकृत करा सकते हैं। शर्त यह है कि भवन स्वामी को उसी परिसर में स्वयं निवास करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि इसके पंजीकरण की प्रक्रिया बहुत सरल है, संचालकों को केंद्रीय पोर्टल के बजाय उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के समर्पित पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करना होगा। स्थानीय स्तर पर एनओसी प्राप्त करने की प्रक्रिया को भी सरल बनाया गया है।

उन्होंने बताया कि होमस्टे इकाइयों को सुविधाओं के आधार पर गोल्ड और सिल्वर श्रेणियों में बांटा जाएगा। पर्यटक एक बार में लगातार अधिकतम 7 दिनों तक रुक सकेंगे, जिसे आवश्यकतानुसार रिन्यू (नवीनीकरण) किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि नीति के तहत पंजीकृत इकाइयों को वित्तीय प्रोत्साहन और सब्सिडी प्रदान करने का भी प्रावधान है, जिससे स्थानीय लोगों के लिए स्वरोजगार के नये द्वार खुलेंगे।

## 9 जून तक पंजीकरण अनिवार्य

**जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि यह नीति न केवल पर्यटकों के लिए आवास की कमी को दूर करेगी, बल्कि उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और अतिथि देवो भव की परंपरा से विदेशी मेहमानों को भी रूबरू कराएगी। उन्होंने बताया कि मौजूदा होमस्टे इकाइयों के लिए 9 जून 2026 तक नई नीति के तहत पंजीकरण कराना अनिवार्य है। उन्होंने जिला वासियों का आह्वान किया कि शासन की इस महत्वपूर्ण योजना में पंजीकरण कराकर अतिरिक्त आय अर्जित कर लाभ उठाएं।**

# बच्चों को रोग प्रतिरोधक टीके लगाये



**हीमपुर दीपा (चिंगारी)।** क्षेत्र के रतनपुर खुर्द गांव में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर स्कूली बच्चों को रोग प्रतिरोधक टीके लगाए गए। प्राथमिक विद्यालय हीमपुर दीपा प्रथम में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में एएनएम रिया ने कक्षा एक से पांच तक के सभी बच्चों का खसरा और रूबेला नामक संक्रामक बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण किया। शिविर में गांव की आशा कौशल्या देवी और शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# नसों और दांतों संबंधी फ्री चैकअप शिविर आयोजित किया



**झालू (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला सादात स्थित शहजादे भाई के आवास पर रविवार को एक फ्री संयुक्त स्वास्थ्य चैकअप कैंप लगाया गया। इस दौरान नस संबंधित, दांतों से संबंधित समस्याओं को लेकर मरीजों को परामर्श दिया गया व छूट के साथ ब्लड की जांच की गयी।

जीवन उत्साह फिजियोथेरेपी बिजनौर से डॉ. साक्षी गोयल (एमपीटी (न्यूरो) द्वारा नसों की जांच, गर्दन, कमर व जोड़ों के दर्द सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों की समस्याओं की नि:शुल्क परामर्श और दवाइयां उपलब्ध कराई गयीं। एक्यूरेट पैथोलॉजी लैब द्वारा शुगर और ब्लड ग्रुप की मुफ्त जांच की गई, इसके अलावा अन्य रक्त जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की गयी।

प्रो स्माइल डेंटल क्लिनिक बिजनौर से एमडीएस डॉ. मेधावी सिंह ने दांत दर्द, कैविटी, डेंचर, इम्प्लांट, मसूड़ों की सूजन आदि संबंधित समस्याओं की जांच कर मरीजों को उचित परामर्श दिया तथा नि:शुल्क दवाइयां वितरित कीं।

स्वास्थ्य शिविर में डॉ. साक्षी गोयल, डॉ. मेधावी सिंह, अली सह फिजियोथेरेपिस्ट, अमन अंसारी पैथोलॉजी लैब, अंजली एवं वंशिका आदि का सहयोग रहा। स्थानीय लोगों ने ऐसे आयोजनों को जनहित में उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार के कैंप आयोजित करने की अपेक्षा जताई।

चिंगारी ब्यूरो

# मुहब्बत ज़िंदाबाद!

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** लखनऊ यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा कैंपस में स्थित मस्जिद पर अचानक ताला लगा देने से मुस्लिम छात्रों को उनके साथी हिंदू छात्रों ने सुरक्षा घेरा बनाकर नमाज खुले में अदा कराकर हिन्दू-मुस्लिम एकता का नायाब नमूना पेश कर दिया। उन्होंने साबित किया एकता, भाईचारा और मुहब्बत हर भारतीय के डीएनए में है, जिसे चंद नफ़रती लोग खत्म नहीं कर सकते। यह घटना लखनऊ विश्वविद्यालय के लाल बारादरी परिसर में हुई है, जो एक ऐतिहासिक (लगभग 200 साल पुरानी) इमारत है, जिसमें मस्जिद स्थित है। यह मामला फरवरी 2026 में (रमजान के दौरान) सामने आया।



## क्या हुआ था?

- विश्वविद्यालय प्रशासन ने मस्जिद के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया और बैरिकेडिंग कर दी, जिससे मुस्लिम छात्र अंदर जाकर नमाज नहीं पढ़ पाए।
- प्रशासन का दावा था कि इमारत जीर्ण-शीर्ण है, दीवार गिरने का खतरा है, इसलिए सुरक्षा के लिहाज से एंट्री बंद की गई है (कुछ रिपोर्ट्स में भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा सुरक्षित भवन होने का भी जिक्र है)।
- इससे नाराज होकर मुस्लिम छात्रों ने विरोध जताया, बैरिकेडिंग हटाई और मस्जिद के बाहर ही खुले में नमाज अदा की-

## हिंदू छात्रों की भूमिका

हिंदू छात्रों ने नमाज अदा नहीं की बल्कि मुस्लिम छात्रों की सुरक्षा के लिए एक मानव श्रृंखला बनाई। उन्होंने हाथ में हाथ डालकर घेरा बनाया ताकि नमाज के दौरान कोई व्यवधान न आए और मुस्लिम छात्रों को सुरक्षा मिले।

यह काम मुख्य रूप से छात्र संगठनों के सदस्यों (जो ज्यादातर हिंदू थे) ने किया।

उन्होंने इसे गंगा-जमुनी तहजीब और छात्र एकता का प्रतीक बताया। वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, जहां इसे भाईचारे और सौहार्द की मिसाल कहा गया।

## सवाल का सीधा जवाब

हिंदू छात्रों ने नमाज अदा नहीं की वे सुरक्षा घेरा बनाकर खड़े हुए ताकि मुस्लिम छात्र बिना डर या रुकावट के नमाज पढ़ सकें। यह एकता और सहयोग का प्रतीक था, न कि धार्मिक रूपांतरण या मजबूरी का। बाद में कुछ विरोधी गुटों ने भी जय श्रीराम आदि नारे लगाए और पुलिस तैनात करनी पड़ी, लेकिन मुख्य घटना यही थी। यह लखनऊ की मशहूर सांप्रदायिक सद्भावना को दिखाने वाली घटना मानी जा रही है। ऐसा लग रहा है अब जनता खुद नफ़रत, झूठ और सामाजिक अलगाव के खिलाफ़ खुलकर सामने आने लगी है, जैसे कोटद्वार में दीपक ने एक बुजुर्ग मुस्लिम को उनकी दुकान का नाम बदलने को मजबूर कर रहे कुछ उपद्रवी तत्वों को ललकारा था।

# नफ़रत मुर्दाबाद!

**टोंक(राजस्थान)( एजेंसी/चिंगारी )।** एक मुस्लिम महिला को पूर्व बीजेपी एमपी द्वारा कंबल दान देकर वापस लेने की नफ़रती ख़बर चर्चा में है। यह घटना विशेष रूप से निवाई तहसील के करेड़ा बुजुर्ग गांव में 22 फरवरी 2026 को हुई।

यहां बीजेपी के पूर्व सांसद सुखवीर सिंह जौनपुरिया एक कंबल वितरण कार्यक्रम में शामिल थे। वायरल वीडियो और रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने एक मुस्लिम महिला से नाम पूछा, नाम सुनकर (जो मुस्लिम पहचान वाला था) कंबल वापस ले लिया और कुछ मुस्लिम महिलाओं को वहां से हटने को कहा। उनका दावा है कि जो मोदी को गाली देता है, उसे कंबल नहीं मिलेगा और यह एक निजी कार्यक्रम था।



इस घटना पर राज्य सरकार ने जांच का आदेश दिया है, और गांव वालों ने प्रभावित महिलाओं को बाद में कंबल दिए। इससे पता लगता है कि नफ़रत पर मुहब्बत आज भी भारी है।

यह घटना हाल ही में (फरवरी 2026) की है और सोशल मीडिया पर काफी वायरल हुई।

राजस्थान में एक घटना के बाद चर्चा तेज हो गई, जिसमें एक महिला से धर्म पूछकर कथित तौर पर कंबल वापस ले लिया गया था। अब स्थानीय लोगों ने आगे बढ़कर उसी महिला को सम्मान के साथ दूसरे कंबल भेंट किए। यह घटना इंसानियत, भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देती है।

भीख मांग लेंगे, लेकिन तुम्हारे नफ़रत बांटने वाले कंबल हमें नहीं चाहिए, तुम्हारे कंबल वापस भेज रहे हैं सब गांव वाले।

राजस्थान के लोगों ने हिन्दू-मुस्लिम एकता भाईचारे की मिसाल पेश करते हुए ऐसा काम कर दिया, जिससे इंसानियत ज़िंदा हो गयी।

अब गांव वालों ने मिलकर कहा, हमारा राजस्थान हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे का प्रतीक है, हम ये कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे की हमारे भाई-बहनों को बेइज़्ज़त करे, इसलिए तुम्हारे सभी कंबल, मिठाई के डब्बे तुम्हे वापस भेज देंगे, हम भीख मांग लेंगे, लेकिन ऐसे कंबल नहीं चाहिए, हम तुम जैसे नेताओं के लिए हमारा हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा खराब नहीं करेंगे।

# जिला बार एसोसिएशन में चल रहे विवाद का पटाक्षेप

## चुनाव कराने पर बनी सहमति

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला बार एसोसिएशन के दोनों संगठनों का विवाद सुलझ गया है। अब दोनों संगठन एक होकर चुनाव कराने पर सहमत हो गए हैं। जिला बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी बिजनौर के वार्षिक चुनाव कराने के लिए पूर्व में गठित दोनों चुनाव कमेटियों के तीन-तीन सदस्यों की एक आवश्यक बैठक जिला बार एसोसिएशन के कार्यालय में आयोजित की गई। दोनों पक्षों की आपसी सहमति से यह तय किया गया कि जिला बार के चुनाव हेतु एल्डर्स कमेटी अपने विवेकानुसार वर्ष 2026-2027 यथा शीघ्र संपन्न कराएगी। इससे पहले बनी घोषित दोनों कमेटियां निरस्त कर दी गईं। पूर्व जिला बार एसोसिएशन की कमेटी भी निरस्त समझी जाएगी। एल्डर्स कमेटी ही चुनाव कराएगी। एक कमेटी द्वारा लिया गया यह निर्णय कि बार के सदस्य शुल्क 10 रुपये प्रतिमाह के हिसाब से एक वर्ष का ही शुल्क जमा किया जाएगा, मान्य रहेगा। इस तरह जिला बार एसोसिएशन में चले आ रहे विवाद का पटाक्षेप हो गया। इस सम्बन्ध में प्रेस को जारी विज्ञप्ति पर चरत सिंह, जैनेंद्रपाल सिंह, संजय शर्मा, राजीव चौधरी झालू वाले, आनन्द जंघाला, राजीव त्यागी और दूसरी विज्ञप्ति पर यशपाल सिंह व विशाल अग्रवाल के हस्ताक्षर हैं।

# गन्ना प्रजाति बदलाव हेतु शुगर मिल ने निकाली जागरूकता रैली



रैली का फीता काटकर शुभारंभ करते जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह व मिल अधिकारी।

**हल्दौर ( चिंगारी )।** बिलाई शुगर मिल द्वारा बसंतकालीन गन्ना बुवाई एवं प्रजाति बदलाव हेतु जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ जिला गन्ना अधिकारी पीएन सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अमित कुमार पांडे, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति धामपुर विनोद कुमार, चीनी मिल के उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, वरिष्ठ महाप्रबंधक गन्ना राहुल चौधरी, प्रोडक्शन हेड, आईटी हेड, स्टोर हेड, सहायक महाप्रबंधक गन्ना कपिल चौधरी, डेवलपमेंट हैड नरेश सिंह, नवीन आर्य वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना, मनोज कुमार गिल वरिष्ठ प्रबंधक गन्ना, नरेन्द्र पाल सिंह प्रबंधक गन्ना आदि द्वारा फीता काटकर व हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में 2 प्रचार वाहनों सहित लगभग 50 गाड़ियों/मोटरसाइकिल के काफिले ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उपरोक्त अधिकारियों सहित चीनी मिल गन्ना विभाग एवं चीनी मिल के 50 से अधिक अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। यह रैली चीनी मिल क्षेत्र के नांगल जट, झालू, धर्मपुरा, चौकपुरी, चंदनपुरा, खारक, गंज, शाहपुर, छाछरी, सिंकदरी, खेड़ा अजीज, ननूपुरा, मंडोरा जट एवं हल्दौर क्षेत्र के दर्जनों गांव से होते हुए चीनी मिल पहुंचेगी। रैली का मुख्य उद्देश्य लाल सड़न का उन्मूलन, प्राथमिक उद्देश्य किसानों को रोगग्रस्त Co 0238 प्रजाति के स्थान पर नई और उन्नतशील प्रजातियों को अपनाने हेतु प्रेरित करना था। विभाग द्वारा निम्नलिखित प्रजातियों के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया। उन्नत किस्में Co 0118, Co15023, CoS 13235, , CoS 18231, CoS 19231, CoLk 16202, CoLk 14201 जलभराव वाले क्षेत्रों हेतु Co 98014 तकनीकी निर्देश एवं यंत्रीकरण रैली के माध्यम से किसानों को वैज्ञानिक खेती के लिए विभिन्न महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। बीज चयन हेतु उपलब्ध प्रमाणित बीज की जानकारी SGK पोर्टल पर देख सकते हैं। अस्वीकृत एवं अवांछित गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करने की सलाह दी गई। बीज एवं मृदा शोधन हेतु बुवाई के समय खेतों में ट्राइकोडर्मा का अनिवार्य प्रयोग और बीज को थायोफ़िनेट मिथाइल से शोधित करने का आह्वान किया गया। आधुनिक कृषि यंत्र अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला गन्ना अधिकारी ने चीनी मिल स्टाफ की गन्ना बुवाई एवं गन्ना बीज की समीक्षा की एवं चीनी मिल प्रबंधन को कड़े निर्देश दिए कि किसानों के खातों में गन्ना बीज का अग्रिम शीघ्र भेजा जाए ताकि बुवाई कार्य में कोई बाधा न आए।

# मुनिदेव शर्मा की सपा में वापसी से जिले की राजनीति में हलचल

## कई दलों में रह चुके महत्वपूर्ण पदों पर

## यूथ कांग्रेस से शुरू किया राजनीतिक करियर



सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का स्वागत करते हुए मुनिदेव शर्मा।

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नेता मुनिदेव शर्मा के समाजवादी पार्टी में शामिल होने से जनपद की राजनीति में एक नया मोड़ आया है। मुनिदेव शर्मा को जनपद की राजनीति का चाणक्य कहा जाता है। 14 साल तक लगातार कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रह चुके मुनिदेव शर्मा इससे पहले भी समाजवादी पार्टी में रह चुके हैं।

श्री मुनिदेव शर्मा जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन सहित अनेक महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। 14 साल तक जिला कांग्रेस पर उनका एकछत्र राज रहा। समाजवादी पार्टी में प्रदेश सचिव एवं संगठन प्रभारी जनपद मुजफ्फरनगर एवं मेरठ रह चुके हैं। इसके अलावा मुनिदेव शर्मा प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल पश्चिमी उत्तर प्रदेश, महासचिव राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश तथा उपाध्यक्ष रालोद उत्तर प्रदेश के रूप में राजनीतिक पारी खेल चुके हैं।

मुनिदेव शर्मा को लम्बा राजनीतिक अनुभव है। यूथ कांग्रेस से अपना राजनीतिक करियर शुरू करने वाले मुनिदेव शर्मा जिस भी पार्टी में रहे, वहां शीर्ष नेतृत्व के निकटतम सहयोगी के रूप में उनकी गिनती रही। रविवार को उन्होंने लखनऊ में मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने उनके सपा में शामिल होने की घोषणा की।

# राजा भारतेंद्र सिंह के साथ मुख्यमंत्री से मिले प्रवीण गंभीर

## कॉलेज पर अवैध कब्जा और फर्जीवाड़े से अवगत कराया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के प्रमुख व्यवसायी प्रवीण गंभीर ने पूर्व सांसद राजा भारतेंद्र सिंह के साथ मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और उन्हें श्रीराम गंभीर कस्तूरीलाल अब्बी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज ग्राम बल्दिया में करोड़ों रुपये के कथित घोटाले से अवगत कराते हुए आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। इस अवसर पर राजा भारतेंद्र सिंह के माध्यम से प्रवीण गंभीर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि कॉलेज प्रबंध समिति के कुछ दूसरे सदस्यों दीपक कुमार कपूर, श्रीमती ममता कपूर, श्रीमती शीला कपूर, कुमारी देवेशी कपूर, दुर्गेश कुमार, परवेंद्र कुमार, अंकुश कुमार आदि ने छात्रों का गलत तरीके से प्रवेश कर भिन्न-भिन्न मदों में करोड़ों रुपये ले लिये, जिसे महाविद्यालय के खाते में जमा नहीं किया गया। अब तक करीब साढ़े 6 करोड़ का फर्जीवाड़ा किया गया है। उच्च न्यायालय ने अपने निर्णय में कुलपति महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय को निर्देशित किया था कि 6 माह में कॉलेज समिति का चुनाव करायें। कुलपति द्वारा जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन के लिये लिखा गया, लेकिन प्रशासन ने कोई कार्रवाई नहीं की। प्रवीण गंभीर का आरोप है कि आरोपियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। प्रवीण गंभीर ने यह भी जानकारी दी कि मुख्यमंत्री के आदेश के बाद प्रशासन की नींद खुली और 21 फरवरी को प्रशासन ने दोनों पक्षों को बुलाया, जहां पर श्रीमती ममता कपूर कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सकीं।

# चौधरी अजयवीर सिंह चुने गये होली समिति के अध्यक्ष



**नूरपुर ( चिंगारी )।** चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट होली समिति के अध्यक्ष चुने गए। सोमवार की शाम थाना रोड स्थित प्राचीन शिव मंदिर में होली समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से कस्बे के मोहल्ला चौधरियान निवासी चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट पुनः होली समिति के अध्यक्ष चुने गए। गत वर्ष उनके नेतृत्व में नगर में होली जुलूस बहुत शानदार ढंग से सम्पन्न कराया गया था। इस बार भी नगरवासियों ने उनसे बेहतर उम्मीद के साथ उन्हें ही समिति का पुनः अध्यक्ष बनाया। बैठक में अशोक राजपूत, प्रणयमनु गुप्ता, जोगेन्द्रदत्त शर्मा, अंकित जोशी, राजेश कुमार, राकेश जोशी, उमेश त्यागी, सिद्धार्थ गुप्ता, नवीन कुमार, अनिल कमल, रितेश चौहान, विनोद चौहान आदि उपस्थित रहे।

# रंगों से परहेज है तो 27 को घर से बाहर न निकलें

## धूमधाम से निकाला जायेगा रंग एकादशी का जुलूस



**बिजनौर ( चिंगारी )।** रंगों से परहेज करने वाले कृपया 27 फरवरी को अपने घरों से बाहर न निकलें। उक्त आग्रह किया है श्री रामलीला सोसायटी ( रजि. ) के मुख्य संरक्षक संजय गुप्ता एडवोकेट, अध्यक्ष अचल अग्रवाल, महामंत्री राहुल शर्मा, कोषाध्यक्ष राहुल गुप्ता तथा भवन मंत्री प्रदीप कौशिक आदि ने। श्री संजय गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सोसायटी के तत्वावधान में फाल्गुनी रंग एकादशी के शुभ अवसर पर गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भव्य रंग जुलूस निकाला जायेगा। 27 फरवरी शुक्रवार को अपराह्न एक बजे से रामलीला मैदान से निकलने वाले जुलूस में विभिन्न देवी-देवताओं की आठ आकर्षक झांकियां, मस्ती भरे फाल्गुन गीतों के सुमधुर धुन बिखरते तीन बैंड, दो डीजे व ढोल की थाप के मध्य गुलाल-अबीर उड़ाते हुलियारों की टोलियां साथ चलेंगी। परम्परागत मार्गों से होता हुआ जुलूस वापस रामलीला मैदान पर जाकर समाप्त होगा।


# कार्यालय जिला पंचायत, बिजनौर।

पत्रांक 1583/जि.पं. / 2025-26 दिनांक-23-02-2026

## नीलाम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत बिजनौर के मार्ग गोलबाग-फतेहपुर के मध्य सड़क के दोनों किनारों पर शीशम-06, बहेड़ा-03, जामुन-05, आम-08, सीरस-02, यूके0-02 कुल 26 वृक्ष सूखे, खोखले व परिपक्व स्थिति में खड़े है व जिला पंचायत, बिजनौर के मार्ग झालू नहटौर के मध्य बिलाई के आस-पास सड़क के दोनों किनारों पर शीशम-05, महुआ-02, जामुन-02, आम-11, बकैन-01, सीरस-01, यूके 0-32, किकर-01 कुल 55 परिपक्व वृक्षों का नीलाम दिनांक 16-03-2026 को अपरान्ह 01:00 बजे जिला पंचायत बिजनौर में किया जायेगा। नीलाम में बोली बोलने से पूर्व बोलीदाता को रूपये 50,000.00 पृथक-पृथक का बैंक ड्राफ्ट / एफ.डी.आर. बनवाकर जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत बिजनौर के पदनाम से बंधक होगा, जमानत के रूप में दिनांक 13-03-2026 की सायं 05:00 बजे तक कार्यालय में जमा करना होगा। साथ ही जिलाधिकारी महोदय द्वारा, निर्गत अद्यावधिक चरित्र प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, वाणिज्यकर विभाग में पंजीकरण की प्रमाणित प्रति जमा करनी होगी। उच्चतम बोलीदाता को बोली का सम्पूर्ण धन नीलाम समाप्ति के तुरन्त बाद जमा करना होगा। ऐसा न करने पर नीलाम समिति द्वारा जमानत जब्त कर ली जायेगी। यदि उक्त दिनांक को नीलाम नही हो पाता है तो प्रत्येक बृहस्पतिवार को कार्य दिवस में यथासमय व स्थान पर नीलाम किया जायेगा। उच्चतम बोलीदाता को नियमानुसार वाणिज्यकर विभाग / क्षेत्रीय वन अधिकारी, बिजनौर के कार्यालय में निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। शेष शर्तें किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**अभियन्ता**
जिला पंचायत, बिजनौर

**अपर मुख्य अधिकारी**
जिला पंचायत, बिजनौर

# टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ़ प्रदर्शन जारी

## 26 को पैदल मार्च में जुटेंगे जिले के शिक्षक : चौहान



**बिजनौर /नूरपुर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश से प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा है कि टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन जारी रहेगा। जिले भर के शिक्षक 26 फरवरी को पैदल मार्च में जुटकर प्रदर्शन करेंगे। जिले भर के शिक्षकों ने दूसरे दिन भी हाथ की बाह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। टेट की अनिवार्यता के खिलाफ टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने चरणबद्ध प्रदर्शन शुरू कर दिया है।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक तथा महिला शिक्षक संघ सहित कई शिक्षक संगठन टेट की अनिवार्यता के खिलाफ आंदोलन करने में जुटे हैं। एक्स पर जस्टिस फॉर टीचर्स अभियान के बाद 2 दिन से शिक्षक हाथ की बाह पर काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य कर विरोध जता रहे हैं। आज भी शिक्षकों ने हाथ की बाह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन को जारी रखा। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि 26 फरवरी को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जिला अधिकारी कार्यालय तक शिक्षक पैदल मार्च कर टेट की अनिवार्यता के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे। उधर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संगठन मंत्री विपिन कुमार शर्मा ने ब्लॉक नूरपुर में शिक्षकों द्वारा किए जा रहे आंदोलन में सहयोग को सराहा है।

जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने बताया कि सभी विकास क्षेत्र में संगठन द्वारा चलाए जा रहे आंदोलन की अगुवाई विकास क्षेत्र के अध्यक्ष व ब्लॉक मंत्री कर रहे हैं। टेट की अनिवार्यता जब तक समाप्त नहीं होती आंदोलन को जारी रखा जाएगा। पिछले कई महीनों से चल रहे आंदोलन में अब टीएफ आई के अगुवाई करने से शिक्षक उत्साहित हैं। उधर उत्तर प्रदेश से जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद तारिक अलीम ने जिले के शिक्षकों से आवाहन किया है कि वह अपनी आजीविका की सुरक्षा के लिए टीएफ आई के आंदोलन में पूर्ण सहयोग प्रदान करें।




सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमजान** की दिली मुबारकबाद

**शहज़ाद अहमद**

जिला महासचिव बिजनौर

(आजाद समाज पार्टी कां.)

**पूर्व चेयरमैन,** झालू न.प. (बिजनौर)

छठा रोजा : मंगलवार 24 फरवरी

इफ्तार सुन्नी 6:16, शिया 6:26

सातवां रोज़ा : बुधवार, 25 फरवरी

सहरी- सुन्नी 5:23 शिया 5:16



शहजाद अहमद


# दहेज हत्या में सास-ससुर और पति को 10-10 साल की सज़ा

**बिजनौर (चिंगारी)।** सप्तम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक भारतेन्दु ने दहेज हत्या के मामले में पति व सास-ससुर को दस-दस वर्ष कठोर कारावास और पचास पचास हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता पंकज चौहान के अनुसार स्योहारा थानांतर्गत ग्राम मंगल खेड़ा निवासी मोहम्मद अरशद पुत्र इस्लामुद्दीन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी बहन मरजीना की शादी गांव के सलमान पुत्र शरीफ के साथ वर्ष 2021 में अप्रैल माह में की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही मरजीना के सुसराल वाले उसके साथ दहेज की मांग को लेकर मारपीट करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर मरजीना को उसके पति सलमान, ससुर रफीक और सास शबनम ने 28-29 अगस्त 2021 की रात्रि में दहेज के लिए पहले तो मारपीट की उसके बाद गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अशोक भारतेन्दु ने अपराध सिद्ध होने पर मृतका मरजीना के पति सलमान, ससुर रफीक और सास शबनम को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 बी के तहत दस-दस वर्ष कठोर कारावास और पचास-पचास हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# रमज़ान के पहले अशरे में होती है रहमतों व बरकतों की बरसात

बीती 19 फरवरी यानी पहले रोजे से इस माह-ए-रमजान का पहला अशरा हो गया है, जो 28 फरवरी यानी 10 वें रोजे तक चलेगा। 'अशरा' अरबी का शब्द है जिसका मतलब होता है 'दस'। मुकद्दस रमजान में तीन अशरे होते हैं। यानी रमजान माह के पहले रोजे से दसवें रोजे तक 'पहला अशरा' होता है। 11वें रोजे से 20वें रोजे तक 'दूसरा अशरा' व 21वें रोजे से आखिरी रोजे तक 'तीसरा अशरा' कहलाता है। पहला अशरा रहमत व बरकत वाला कहलाता है। दूसरे अशरे को 'मगफिरत' वाला अशरा कहते हैं और तीसरा अशरा 'दोजख से निजात' वाला अशरा होता है। मौजूदा वक्त में चल रहे पहले अशरे में अल्लाह अपनी रहमतें नाजिल फरमाता है और बरकतें अता फरमाता है। इस अशरे में खुलूस-ओ-अकीदत के साथ की जाने वाली इबादत से खुश होकर अल्लाह अपने बंदे पर अपनी रहमतें बरसाता है और उसके रिज्क वगैरह में बरकतें अता फरमाता है।



**कामिल बिजनौरी**
कासमपुर गढ़ी (अफजलगढ़)

# बच्चों का टीकाकरण किया

**गंज (चिंगारी)।** खसरा और रूबैला की रोकथाम के लिए आदर्श बाल चंदन जूनियर हाईस्कूल तथा किसान जूनियर हाईस्कूल जहानाबाद में 5 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों को टीका लगाया गया। सोमवार को एएनएम रजनी, आशा पवन रानी, रीना रानी, आंगनबाड़ी संतोष, एचपीएल सुनीता, सहायिका शशि देवी, विमला देवी की टीम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत किसान जूनियर हाईस्कूल पहुंचे तथा बच्चों का खसरा व रूबैला संक्रमण की रोकथाम के लिए टीकाकरण किया। रूबैला संक्रमण के फलस्वरूप शिशु जन्म जात कई रोगों जैसे बहरापन, अंधापन, कमजोर दिमाग, जन्मजात दिल की बीमारियां आदि के साथ पैदा होता है, किन्तु टीकाकरण से इन बीमारियों से छुटकारा मिलता है।

# हार्ट अटैक से सिपाही की मौत

**किरतपुर (चिंगारी)।** कल शाम सिपाही नितिन मलिक बैरक में लेट रहे थे। अचानक तबीयत खराब हो गई। तुरंत पुलिसकर्मी स्थानीय सरकारी अस्पताल में ले गए, गंभीर हालत देखकर बिजनौर जिला अस्पताल रैफर कर दिया गया। इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। कस्बा इंचार्ज दीपक नागर ने बताया कि सिपाही नितिन मलिक (उम्र 38 वर्ष) हल्का नंबर दो भनेड़ा चौकी पर तैनात थे। उसका पोस्टमार्टम कर उसके पार्थिव शरीर को उनके गांव लाख (शामली) ले गए, जहां सुबह उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। नितिन मलिक अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गए हैं। सिपाही की मौत पर थाना अध्यक्ष पुष्पेंद्र चौधरी व स्टाफ ने शोक व्यक्त किया। पीएम रिपोर्ट में सिपाही की मौत का कारण हार्ट अटैक होना बताया गया है।

# तीन दिन से लापता युवक का शव नदी किनारे पड़ा मिला

**बढ़ापुर (चिंगारी)।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोपीवाला निवासी ऋषिपाल सिंह का पुत्र कोपीन (35 वर्ष) 20 फरवरी को गांव से बढ़ापुर आया था, जिसके बाद से वह गुमशुदा हो गया था। परिजनों ने एक दिन पूर्व ही रविवार को थाना बढ़ापुर में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। सोमवार को बढ़ापुर-टांडा साहूवाला मार्ग पर गूला नदी के किनारे नाले के समीप वहां से गुजर रहे लोगों ने एक शव पड़ा हुआ देखा। सूचना पर थाना बढ़ापुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त कराई। मृतक की शादी 15 वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र के गांव नकीपुर निवासी सीमा से हुई थी। मृतक शराब का जमकर सेवन करता था। नशे की हालत में परिजन उसे इधर-उधर से उठाकर लाते थे। चर्चा यह भी है कि जिस जगह से मृतक का शव बरामद हुआ है उसी के पास मृतक की तीन बीघा भूमि है, जिस पर किसी व्यक्ति से विवाद चल रहा था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

# एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



खेलकूद वार्षिक प्रतियोगिता का गुब्बारे उड़ाकर शुभारंभ करती श्रीमती रेनू चौहान


**हल्दौर (चिंगारी)।** नगर की शिक्षण संस्था एससीएम चिल्ड्रन एकेडमी में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ श्रीमती रेनू चौहान द्वारा किया गया।

सोमवार से आयोजित तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के खेलों में विद्यार्थियों द्वारा भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जाएगा। स्कूल प्रबंधक संजीव कुमार बैस, अमित सिंह, रवि राजपूत, प्रधानाचार्या श्रीमती रुचि अग्रवाल व उपप्रधानाचार्या तबस्सुम परवीन की उपस्थिति में अतिथि श्रीमती रेनू चौहान ने गुब्बारे उड़ाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ होने से पूर्व विद्यार्थियों द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया, जो अत्यंत आकर्षक रहा। मार्च पास्ट का संचालन संगीत अध्यापक मनोहर कश्यप की निगरानी में किया गया, जिसमें पृथ्वी हाउस, आकाश हाउस, ब्लू हाउस और जल हाउस के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर रंग-बिरंगे गुब्बारे आकाश में उड़ाए गये, जिससे वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्वक और आनंदमय हो गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

# पीबी 99 वैरायटी खरीदने से इंकार से किसानों में रोष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के गन्ना किसानों ने शुगर मिलों और गन्ना विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि 0238 वैरायटी में रोग फैलने के बाद उत्पादन में भारी गिरावट आई है, जिससे किसान पहले ही संकट में हैं। ऐसे समय में नई और रोग-प्रतिरोधक किस्मों की बुवाई को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

किसानों का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2025 में जारी की गई पीबी 99 वैरायटी को कम लागत और अधिक उत्पादन देने वाली तथा अधिक रोग-प्रतिरोधक क्षमता वाली


bajaj SUGAR बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि0, इकाई-बिलाई (जनपद-बिजनौर)

कृषक भाइयों से अपील

सभी किसान भाइयों से अनुरोध है
कि बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में निम्नलिखित अनामित एवं अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई कदापि न करें।

| | |
|---|---|
| 5125 (तथाकथित) | PB-95 |
| 160 (तथाकथित) | PB-99 |
| 9709 (तथाकथित) | COH-119(HR-19) |
| COS- 13231 (तथाकथित) | CO-11015 |
| CO-86032 (तथाकथित) | PCF-517 आदि |

किसान भाइयों उपरोक्त सभी गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करें यदि कृषक भाई उपरोक्त गन्ना प्रजातियों की बुवाई करते हैं तो इनका सर्वे अनुपयुक्त की श्रेणी में कराया जाएगा एवं इसकी गन्ना खरीद भी अनुपयुक्त श्रेणी में ही की जाएगी।

उपरोक्त अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों का मूल्य अगेती प्रजाति के सापेक्ष प्रति कुंतल 45 रुपए कम, मात्र 355 रु0 प्रति कुंतल उत्तर प्रदेश शासन द्वारा घोषित है जिस कारण कृषकों को आर्थिक हानि होती है उपरोक्त गन्ना प्रजातियाँ विभिन्न रोगों से ग्रसित है जिससे आपकी पैदावार में भारी गिरावट आएगी जो की आपकी आर्थिक हानि को बढ़ाएगी।

अतः आप सभी किसान भाईयों से अपील है कि केवल स्वीकृत गन्ना प्रजातियों जैसे CO-0118, CO-15023, COLK-14201, COLK-16202, COS-18231 एवं जल प्लावित क्षेत्र में केवल CO-98014 की ही बुवाई करें।

वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना — इकाई प्रमुख

## दिगंबर सिंह ने अधिकारियों को पत्र लिखा

बताया गया था। इसके बावजूद कुछ शुगर मिलें पंपलेट बांटकर यह प्रचार कर रही हैं कि वे पीबी 99 सहित अन्य लाभकारी किस्मों की खरीद नहीं करेंगी। किसानों का आरोप है कि यह न केवल उनके हितों के विरुद्ध है, बल्कि प्रधानमंत्री की घोषणा की भी अवहेलना है।

किसान नेता चौधरी दिगंबर सिंह ने गन्ना आयुक्त, मंडल आयुक्त मुरादाबाद और जिलाधिकारी बिजनौर को पत्र भेजकर इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने कहा कि कुछ शुगर मिलें गन्ना बीज ऊंचे दामों पर बेच रही हैं। गत वर्ष किसानों को 1500 से 2000 रुपये प्रति कुंतल तक बीज दिया गया। साथ ही, पेस्टिसाइड कंपनियों से कथित अनुबंध कर किसानों पर अत्यधिक दवाएं खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अपनी पसंद की किस्म की बुवाई के लिए शुगर मिलें किसानों पर दबाव बना रही हैं।

चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि गन्ना किसान वर्तमान समय में भारी आर्थिक और प्राकृतिक संकट से जूझ रहा है। ऐसे में यदि शुगर मिलें इस आपदा को अवसर बनाकर कार्य करेंगी तो यह किसानों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने मांग की कि जो भी मिलें इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त हैं, उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# बिजनौर को 'टाइगर-गंगा-हेरिटेज टूरिज्म हब' के रूप में विकसित करने हेतु मास्टर प्लान प्रस्तुत किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा जिलाधिकारी बिजनौर की अध्यक्षता में आयोजित जनपद स्तरीय पर्यटन विकास बैठक में इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (IIA) मुरादाबाद मंडल के डिविजनल चेयरमैन विकास कुमार अग्रवाल द्वारा जनपद बिजनौर के समग्र पर्यटन विकास हेतु एक विस्तृत 'बिजनौर टाइगर, गंगा, हेरिटेज टूरिज्म सर्किट' मास्टर प्लान प्रस्तुत किया गया। श्री अग्रवाल ने अपने प्रस्तुतीकरण में बताया कि जनपद बिजनौर प्राकृतिक, धार्मिक, पौराणिक एवं वन्यजीव पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध जनपद है तथा अमानगढ़ टाइगर रिजर्व, गंगा बैराज, विदुरकुटी, कण्व ऋषि आश्रम (रावली), गंज क्षेत्र के प्राचीन गंगा घाट एवं हैदरपुर वेटलैंड जैसे स्थलों को एकीकृत रूप से विकसित कर जनपद को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम द्वारा 'बिजनौर टाइगर, गंगा, हेरिटेज टूरिज्म सर्किट' के नाम से विशेष पर्यटन बस सेवा प्रारंभ की जाए, जिससे सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों को आपस में जोड़ा जा सके। इसके अतिरिक्त उन्होंने अमानगढ़ टाइगर



रिजर्व में कोर क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य क्षेत्रों में भी पूरे वर्ष जंगल सफारी एवं एलिफेंट सफारी प्रारंभ करने, गंगा बैराज से विदुरकुटी तक स्टीमर सेवा प्रारंभ करने, विदुरकुटी में गंगा की धारा को पुन: प्रवाहित करने हेतु प्रयास करने तथा विदुरकुटी में स्वयं सहायता समूह के माध्यम से 'विदुर कैफेटेरिया' स्थापित करने का भी सुझाव दिया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत सुझावों को गंभीरता से सुना गया तथा जनपद में पर्यटन विकास हेतु सकारात्मक पहल किए जाने पर बल दिया गया। इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन द्वारा प्रस्तुत यह मास्टर प्लान जनपद बिजनौर को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन जनपद के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### टूरिज्म लैंड बनाने पर बल

श्री अग्रवाल ने गंज क्षेत्र में स्थित गंगा जी के पौराणिक एवं पुरातात्विक महत्व के प्राचीन घाटों के सौंदर्यीकरण, जनपद के सभी प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ODOP उत्पादों के स्टॉल स्थापित करने, पर्यटन स्थलों के निकट 'टूरिज्म लैंड बैंक' बनाए जाने तथा पर्यटन स्थलों पर आधारभूत सुविधाओं के विकास की आवश्यकता पर भी विशेष बल दिया। उन्होंने बताया कि इस मास्टर प्लान के क्रियान्वयन से जनपद बिजनौर में पर्यटन को नई गति मिलेगी, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, ODOP उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा तथा जनपद की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ता प्राप्त होगी।

## शोध केवल खोज करना नहीं

**बिजनौर ( चिंगारी )।** रानी भाग्वती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में प्राचार्या प्रो. पारूल त्यागी के कुशल मार्गदर्शन में एक दिवसीय रिसर्च मेथोडोलॉजी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन प्रो. धर्मेन्द्र कुमार, वर्धमान कालेज, आईक्यूएसी कोआर्डिनेटर प्रो. मंजू, बीएड विभागाध्यक्ष डा. सुरेश सिंह एवं कार्यक्रम समन्वयक डा. नज्मुनिशा द्वारा मां शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शोध प्रतिमानों की अवधारणा, प्रकार एवं उनके शैक्षिक अनुसंधान में प्रयोग के संबंध में जानकारी प्रदान करना था। मुख्य अतिथि एवं रिसोर्स पर्सन प्रो. धर्मेन्द्र कमार ने अपने व्याख्यान में कहा कि किसी भी शोध कार्य की गुणवक्ता उसके सही प्रतिमान के चयन पर निर्भर करती है। उन्होंने गुणात्मक शोध तथा मात्रात्मक शोध के अंतर को भी स्पष्ट किया। उन्होंने आगे बताया कि शोध की प्रकृति एवं उद्देश्य के अनुसार उचित प्रतिमान का चयन करना अत्यंत आवश्यक होता है। इसके पश्चात बीएड विभाग अध्यक्ष डा. सुरेश सिंह ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शोध केवल खोज करना नहीं है, बल्कि यह नई सोच नई विचारों और समस्या के समाधान खोजने की एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है। कार्यक्रम का संचालन हिमानी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डा. शिरीन फातिमा, प्रताप सिकन्दर, मुकुल पंवार, रेनू, रूकैया, अनुष्का एवं ज्योति का सहयोग रहा।

### हंस फाउंडेशन ने लगाया आई कैंप



**नांगल सोती ( चिंगारी )।** द हंस फाउंडेशन हॉस्पिटल बहादराबाद, हरिद्वार के द्वारा ग्राम हरचंदपुर और जीतपुर खास में कैम्प लगाकर 120 व्यक्तियों की आँखों की जांच की गयी, जिनमें से 10 को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिये ले जाया गया। ऑप्टोमेट्रिस्ट आरिफ मलिक ने बताया कि दोनों गांवों में 120 मरीजों की आंखों की जांच कर 60 को नि:शुल्क चश्मे दिये गये तथा 25 को दवाई दी गयी। 25 मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, जिन्हें ऑपरेशन कराने की सलाह दी गयी। 10 मरीजों को ऑपरेशन के लिये हरिद्वार ले जाया गया। कैम्प में ऑप्टोमेट्रिस्ट आरिफ मलिक, कोऑर्डिनेटर रविकांत, सहयोगी स्टाफ के रूप में जॉनी मौजूद रहे।

# स्वर्ण जयंती समारोह में मेजर दानिश फारूकी ने साझा किया अनुशासन

### 13 गढ़वाल राइफल्स की स्वर्ण जयंती पर मेरठ में भव्य समारोह

**नजीबाबाद/मंडावली ( चिंगारी )।** 13 गढ़वाल राइफल्स की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में मेरठ में एक भव्य एवं ऐतिहासिक समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि रेजिमेंट की गौरवशाली परंपरा, वीरता व भाईचारे की पुनर्पुष्टि का सशक्त अवसर रहा। समारोह में सेवारत अधिकारी, जेसीओ, जवान, पूर्व सैनिक एवं उनके परिवार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नजीबाबाद के मेजर दानिश फारूकी को इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित किये। मेजर फारूकी ने



मार्च 2017 से सितंबर 2018 तक 13 गढ़वाल राइफल्स के साथ अटैचमेंट के दौरान सेवाएं दीं। इस अवधि में उन्होंने अरुणाचल प्रदेश में एलएसी पर उत्कृष्ट कार्य किया। वर्ष 2018 में त्रिवेंद्रम (केरल) में आई भीषण बाढ़ के दौरान पटलन के साथ राहत एवं बचाव अभियान में उल्लेखनीय योगदान दिया। वर्तमान में मेजर दानिश फारूकी सेना में असिस्टेंट जज एडवोकेट जनरल के पद पर जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं।

स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर उन्होंने जवानों को संबोधित करते हुए अनुशासन, मनोबल एवं रेजिमेंटल एथोस(संस्कार) के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि सेना में अनुशासन केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि चरित्र और कर्तव्यनिष्ठा की आधारशिला है। उच्च मनोबल ही कठिनतम परिस्थितियों में विजय का मार्ग प्रशस्त करता है। समारोह के दौरान 'ऑपरेशन सिंदूर' में सेना की भूमिका पर भी गंभीर चिंतन-मनन किया गया तथा बदलते सुरक्षा परिदृश्य में सेना की जिम्मेदारियों पर विचार साझा किए गये। मेजर फारूकी ने कहा कि सेना का प्रत्येक अभियान राष्ट्र की संप्रभुता, सुरक्षा और सम्मान की रक्षा के लिए समर्पित होता है। इस स्वर्ण जयंती समारोह का सफल आयोजन पटलन नेतृत्व के दूरदर्शी मार्गदर्शन में हुआ। आयोजन की सूक्ष्म योजना, उत्कृष्ट क्रियान्वयन एवं पूर्व सैनिकों से आत्मीय संवाद ने पूरे कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। समारोह के दौरान रेजिमेंट की गौरवशाली विरासत और बलिदान की परंपरा को नमन किया गया। यह स्वर्ण जयंती 13 गढ़वाल राइफल्स के इतिहास में एक मील का पत्थर सिद्ध हुई, जिसने सभी अधिकारियों, जवानों और पूर्व सैनिकों के मन में रेजिमेंट के प्रति समर्पण और गर्व की भावना को और सुदृढ़ किया। अंत में जय बद्री विशाल और जय हिन्द के नारों से कार्यक्रम का समापन किया गया।

# ध्वजारोहण एवं पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ जैन समाज का स्वर्णरथ यात्रा महोत्सव

**धामपुर ( चिंगारी )।** नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर तथा श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आठवें तीर्थंकर श्री चंद्रप्रभु भगवान का निर्वाण लाडू चढ़ाए जाने की परंपरा के अन्तर्गत जैन धर्मावलंबियों ने चंद्रप्रभु भगवान, श्री शांतिनाथ भगवान, नेमिनाथ भगवान तथा भगवान महावीर स्वामी की मूर्तियों के समक्ष पूजा अर्चना की। इसी के साथ धामपुर में चार दिवसीय 141वां वार्षिक स्वर्ण रथ यात्रा महा महोत्सव प्रारंभ हो गया।

ट्रस्ट श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर की प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजीव कुमार जैन, महासचिव आलोक कुमार जैन, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार जैन के संरक्षण तथा इस वर्ष की रथयात्रा के संयोजक अरुण कुमार जैन, सह संयोजक सौरभ कुमार जैन के संयोजन में प्रारंभ हुए चार दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ श्री जैन मंदिर शिखर पर ध्वजारोहण से किया गया। ध्वजारोहण करने का सौभाग्य डॉ. रजनीश जैन एवं रेखा जैन के परिवार की ओर से ऋषभ जैन एवं साक्षी जैन, शुभम जैन एवं गरिमा जैन ने अर्जित किया। जबकि अष्टम तीर्थंकर श्री चंद्रप्रभु भगवान को मोक्ष कल्याणक पर लाडू चढ़ाए जाने का सौभाग्य रानी बाग कॉलोनी निवासी रविकांत जैन एवं संतोष जैन के संरक्षण में दीपक जैन एवं उनकी धर्मपत्नी पारुल जैन (ब्रश वालों) को मिला। इस दौरान सामूहिक पूजा अर्चना में आलोक जैन, निखिल जैन, अनिल जैन, हर्षित जैन, शिरोमणि जैन, माधव जैन, सौरभ जैन, मनोज जैन, ऋषभ जैन, अनुज जैन, अरुण जैन, सौरभ जैन, नीरज जैन, दीपक जैन, प्रवीण जैन, अमन जैन, नमन जैन, स्पर्श जैन, दिवाकर जैन, चंचल जैन, मधु जैन, राखी जैन, मिथिलेश जैन, गीता जैन, अनीता जैन, गरिमा जैन, साक्षी जैन, पारुल जैन, पूजा जैन, प्रिया जैन, रेखा जैन, भावना जैन, मीना जैन आदि शामिल रहे।


मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण करते हुए जैन धर्मावलंबी।


चंद्र प्रभु भगवान की पूजा अर्चना करते हुए।

## सीएम की सिंगापुर यात्रा उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनायेगी : डॉ. इन्द्रदेव

**धामपुर ( चिंगारी )।** पूर्व भाजपा विधायक डॉ. इंद्रदेव सिंह ने कहा कि प्रदेश के ऊर्जावान, कर्मठ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सिंगापुर यात्रा उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में कारगर साबित होगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सिंगापुर दौरे के दौरान वहां के उद्योगपतियों को उत्तर प्रदेश में उद्योग लगाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों के बारे में अवगत कराया, जिससे प्रभावित होकर सिंगापुर के यूनिवर्सल सक्सेस ग्रुप ने 6,650 करोड रुपए के निवेश के लिए तीन एम ओ यू किये। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है इससे प्रदेश की अर्थव्यवस्था जहां मजबूती की ओर बढ़ रही है वहीं इससे शहरी विकास को नई दिशा मिलने के साथ युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भी उत्तर प्रदेश में तीसरी बार प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी और यह सरकार जनता के कल्याण और प्रदेश के विकास के लिए कार्य करेगी।


इन्द्रदेव सिंह

## बाबा हरदेव सिंह के जन्म दिवस पर निकाली गई रैली

**धामपुर ( चिंगारी )।** बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के जन्म दिवस के अवसर पर निरंकारी साध संगत की ओर से नूरपुर मार्ग स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन से प्रारंभ हुई। रैली अमखेड़ा मार्ग स्थित राज फार्म हाउस तक निकाली गई, जिसमें शामिल महिलाएं और पुरुष माताजी सुदीक्षा जी के पोस्टर लेकर ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से निरंकारी मिशन के बारे में बता रही थी। रैली में 'एक रहेंगे नेक रहेंगे' जयकारे लगाते हुए बहिनें चल रही थीं, जिससे वातावरण भक्ति मय बना रहा। ग्रामवासियों ने रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। रैली के फार्म हाउस पहुंचने पर गद्दी पर विराजमान अधिवक्ता भीम सिंह मुखी ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज के व्यक्तित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। मदन पाल सिंह राणा व सरकथल सानी निवासी गुड़िया रानी ने भजन प्रस्तुत कर भक्तों को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर राजवीर सिंह, नंदराम, हरी सिंह, रामकुमार, राजकुमार आदि का सहयोग रहा।

## आपसी भाईचारे के साथ मनाएं होली व ईद उल फ़ितर का पर्व : पाशा



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष व स्वीप आइकॉन ब्रांड एंबेसडर लोकसभा चुनाव 2024 सदस्य जिला स्तरीय समिति बिजनौर ने नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि होली तथा ईद उल फित्र के मौके पर अतिउत्साह व खुशी में ऐसा कोई काम न करें, जिससे कानून व्यवस्था एवं भाईचारा प्रभावित होता हो। उन्होंने कहा कि सभी को जिम्मेदार नागरिक होने का परिचय देना चाहिए। पुलिस प्रशासन की सहायता करते हुए असामाजिक तत्वों की सूचना तत्काल देनी चाहिए। साथ ही शांति व्यवस्था एवं भाईचारा को खत्म करने वाला न तो खुद कोई काम करना चाहिए और न ही किसी दूसरे को ऐसा काम करने देना चाहिए। अगर कोई ऐसा काम करता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि शांति, सद्भाव व आपसी भाईचारा ही हमारे मुल्क की पहचान है। भारत की गंगा जमनी तहजीब की पूरे देश में तारीफ होती है। उन्होंने कहा कि जो भी व्यक्ति व संगठन धार्मिक भावनाएं भड़काते हुए समाज को बांटने का काम कर रहा है, वह पूरी तरह से देशद्रोही है। कोई भी सच्चा व अच्छा देशभक्त कभी भी ऐसा काम नहीं कर सकता है, जिससे नफरत को बढ़ावा मिलता हो। उन्होंने कहा कि नफरत फैलाने वाले व्यक्तियों व संगठनों का सामाजिक बहिष्कार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाईचारे में ही सभी की भलाई है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों की खुशियों में गरीबों, बेसहारों और दिव्यांगों को भी शामिल किया जाना चाहिए।

# महिलाएं पारिवारिक दायित्व निभाने के साथ राष्ट्रोत्थान में भी दें सहयोग : डॉ. शेफाली

### विद्या मंदिर इन्टर कॉलेज में 'सप्तशक्ति संगम' का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में 'सप्तशक्ति संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुरादाबाद की जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने महिलाओं का आवाहन किया कि वह पारिवारिक दायित्व की पूर्ति करते हुए समाज, देश एवं राष्ट्र के उत्थान में भी अपना रचनात्मक योगदान दिये जाने का संकल्प लें। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. शेफाली सिंह, चांदपुर क्षेत्र की पूर्व भाजपा विधायक कमलेश सैनी, हिंदू कॉलेज मुरादाबाद की प्रोफेसर डॉ. मीनू मेहरोत्रा, वर्धमान कॉलेज, बिजनौर की प्रोफेसर डॉ. अनामिका सिंह तथा विद्या मंदिर धामपुर के प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया। विद्यालय के संगीत आचार्य विनय कुमार के निर्देशन में विद्यालय के भैयाओं हर्ष कुमार, शुभम कुमार, वेदांश कुमार, पीयूष कुमार, तबिश कुमार, मनन कुमार, देव कुमार आदि ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।

लाला केदारनाथ सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की आचार्या पूर्णिमा शर्मा के संचालन में आयोजित कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पद से संबोधित करते हुए डॉ. शेफाली सिंह चौहान ने जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की माता तथा रानी लक्ष्मीबाई, माता सावित्रीबाई फुले आदि अनेक महान विभूतियों एवं वीरांगनाओं का भावपूर्ण स्मरण किया। वहीं उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा पाकर समाज में एकजुटता तथा जागरूकता लाने का संदेश दिया।

उन्होंने बच्चों को जन्म देने वाली माता को बच्चों की प्रथम गुरु बताते हुए कहा कि माता ही अपने बच्चों को संस्कृति और संस्कारों की उपलब्धता दिला सकती है। मुख्य अतिथि डॉक्टर शेफाली सिंह चौहान को समाजसेवी महिला चिकित्सक डॉ. मोनिका अग्रवाल ने सम्मानित किया। जबकि डॉक्टर मोनिका अग्रवाल को उनके समाज के प्रति समर्पित योगदान के लिए पटका पहनाकर सम्मान प्रदान किया गया।

मंचासीन अतिथियों डॉक्टर मीनू मेहरोत्रा मुरादाबाद पूर्व भाजपा विधायक कमलेश सैनी चांदपुर, डॉक्टर अनामिका सिंह बिजनौर ने भी समसामयिक विचारों के माध्यम से महिलाओं को अपने भीतर छिपी हुई शक्ति का आंकलन और मूल्यांकन करते हुए उसका समाज देश एवं राष्ट्र के लिए उपयोग किए जाने की बात कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर अनामिका सिंह ने की। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने आभार प्रदर्शित किया।



कार्यक्रम में शामिल मंचासीन अतिथि।

# काशीरामपुर में कैंसर से 27 वीं मौत, गांव में छाया शोक

## डॉक्टरों ने कह दिया था लाइलाज

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर पीड़ित 65 वर्षीय संतोष शर्मा पत्नी जयप्रकाश शर्मा की बीती रात मौत से शोक की लहर है। वृद्धा पिछले एक वर्ष से कैंसर की बीमारी से पीड़ित थी। मृतका संतोष देवी के बेटे सचिन कुमार ने बताया कि उनकी मां के गले में कैंसर था, धीरे- धीरे कैंसर बढ़ता गया, डॉक्टर ने कुछ महीने पहले उन्हें लाइलाज कह दिया था। उसके बाद से ही वह मां की घर पर सेवा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि उन्हें सरकार के द्वारा इलाज के लिए कोई सहायता नहीं मिली। अपनी मां के इलाज के लिए उसने बहुत डॉक्टरों को दिखाया, लेकिन निराशा हाथ लगी। चंडीगढ़ में इलाज के दौरान डॉक्टर ने उन्हें लाइलाज कह दिया था। गले में कैंसर होने के कारण धीरे-धीरे उनकी जीभ तक पहुंच गया जिससे उनकी जीभ भी मोटी हो गई थी, जिससे सांस लेने में भी काफी परेशानी होने लगी थी, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। मृतका संतोष शर्मा का नांगल सोती के गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। गांव में कैंसर से 27 वीं मौत से शोक


मृतका का फाइल फोटो।

की लहर है। ग्राम पंचायत काशीरामपुर के लेखपाल अजब सिंह सैनी ने बताया कि उनके द्वारा गांव में सर्वे किया गया था, जिसमें पिछले 10 से 12 सालों में कैंसर से 25 मौत हो चुकी थी। 26 वीं मौत कैंसर से पीड़ित मुन्ने सिंह की 15 फरवरी को हुई थी। कल रात एक और कैंसर से पीड़ित महिला संतोष शर्मा पत्नी जयप्रकाश शर्मा की मौत हो गई। जिसे मिलाकर सर्वे के अनुसार अब तक गांव में कैंसर से 27 मौतें हो चुकी है। गांव में 6 मरीज अभी भी कैंसर से पीड़ित है जिनका उपचार परिजनों के द्वारा विभिन्न अस्पतालों में डॉक्टरों की देखरेख में कराया जा रहा है।

### किसी अधिकारी के गांव ना पहुंचने पर ग्रामीणों में रोष

मंडावली। क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर की भयंकर बीमारी से अब तक 27 वीं मौत हो चुकी है। 6 पीड़ित व्यक्तियों का उपचार चल रहा है। स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने शुक्रवार को गांव में कैंसर से पीड़ित लोगों के घर पहुंचकर जानकारी ली थी। पीड़ितों के स्वास्थ्य की जांच भी की थी। गांव में कैंसर फैलने व 27 मौत होने के बाद भी अभी तक गांव में किसी प्रशासनिक अधिकारी के नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है।

## काशीरामपुर में सात सरकारी हैंडपंपों के पानी का नमूना फेल

### हैंडपंपों का पानी पीने योग्य नहीं

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में कैंसर से पीड़ितों की खबरों को संज्ञान में लेकर उच्चाधिकारियों के आदेशानुसार जल निगम की टीम द्वारा गांव में सर्वे कर सरकारी हैंडपंपों के पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया था। जल निगम बिजनौर के सहायक अभियंता शुभम सक्सेना ने बताया कि टीम के द्वारा 10 हैंडपंपों का पानी जांच के लिए भेजा था, जिसकी जांच रिपोर्ट में 7 हैंडपंपों के पानी का नमूना फेल आया है। उन्होंने बताया कि जांच में पानी का नमूना फेल होने पर पता चला है कि इन हैंडपंपों का पानी पीने योग्य नहीं है। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई है।

सरकारी हैंडपंप से जांच के लिए पानी का नमूना लेती टीम।



## पेड़ों को काटने का परमिट चाहिए तो अफसर का मान-सम्मान करना पड़ेगा

स्योहारा (चिंगारी)। वन विभाग भ्रष्टाचार का अनोखा मामला तब सामने आया जब एक किसान ने खेत में खड़े पुराने आम के पेड़ कटवाने के लिए वन विभाग से आवेदन किया। वनविभाग ने अनुमति के नाम पर किसान से रिश्वत की मांग मानसम्मान के रूप मे कर दी। वायरल ओडियो की पड़ताल कि गयी, तो जानकारी मिली कि क्षेत्र के गांव मलकपुर निवासी रामनारायण त्यागी के पौत्र ने अपने दादा के नाम पुराने व फल रहित आम के पेडों को कटवाने की अनुमति के लिए वन विभाग में आवेदन किया। वनविभाग ने जांच की और 30 पेडों की सूची बना फाईल उद्यान विभाग को भेज दी, जिस पर उद्यान विभाग ने जांच की और 17 पेड़ों को फलरहित व रोगग्रसित पाया और 17 पेडों के काटने की सहमति प्रदान कर दी, जिसके बाद किसान की आवेदन फाईल धामपुर रेजर सुशांत गुप्ता के पास आयी और छपान के लिए डिप्टी रेंजर के पास चली गयी। अंतिम प्रकिया होने के बाद रिपोर्ट डीएफो आफिस भेजीं जानी थी। जब किसान ने डिप्टी रेंजर से पूछा तो साहब का जवाब आया कि उन्होंने कुछ नहीं लिया, लेकिन अधिकारी का मान सम्मान करना पड़ेगा। जब किसान ने पूछा क्या, तो डिप्टी रेंजर साहब ने बताया कि पता कर लो, क्या चल रहा है, शायद फोन पर साहब बता नहीं पाएं। जिसके बाद किसान डिप्टी रेंजर विजय भारत से मिला तो बताया कि 17 हजार रुपये जाएगे। अब देखना है कि वन विभाग क्या कार्यवाही करता है। डीएफओ बिजनौर का कहना है कि मामले कि जानकारी नहीं है, जांच कराकर कुछ कह पाउगा।

## खानापूर्ति कर रही एनडीआरएफ की टीम, महिलाओं ने किया प्रदर्शन



धामपुर (चिंगारी)। शेरकोट खो बैराज में डूबे युवक योगेश सैनी (24 वर्ष) का आज चौथे दिन भी सुराग ने लग पाने से आक्रोशित परिवार की महिलाओं ने उप जिला अधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन करके पुलिस प्रशासन और सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर सहयोग न किए जाने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि पीएससी के गोताखोर और एनडीआरएफ की टीम योगेश सैनी को तलाश करने में खानापूर्ति कर रही है। जबकि सिंचाई विभाग के अधिकारी खो बैराज के पानी को रुकवा कर तलाश करने में सहयोग नहीं कर रहे हैं। जिस कारण योगेश सैनी का पता नहीं लग पा रहा है। इस दौरान उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे को ज्ञापन देकर योगेश सैनी का अपनी पत्नी से चल रहे विवाद के बारे में जांच कार्यवाही किए जाने की मांग की। प्रदर्शन करने वाली महिलाओं में सर्वेश सैनी, दीपा सैनी, मिथिलेश सैनी, सोमवती देवी, ओमवती देवी, रेखा देवी सहित अनेक महिलाएं शामिल रही।

## राहुल ने 'मोहम्मद दीपक' को गले लगाया

### बोले साहस की लौ हर युवा में जलनी चाहिए

नयी दिल्ली, 23 फरवरी। उत्तराखंड के कोटद्वार में रहने वाले मोहम्मद दीपक ने सोमवार को यहां कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। गौरतलब है कि कोटद्वार के दीपक पिछले दिनों तब चर्चा में आये जब उनके शहर में एक मुस्लिम बुजुर्ग की दुकान के नाम से बाबा शब्द हटाने को लेकर हिंदू संगठनों ने प्रदर्शन किया था। दीपक ने हिंदू संगठनों का विरोध किया तो उनसे नाम पूछा गया तो दीपक ने अपना नाम मोहम्मद दीपक बताया था। श्री गांधी ने 10 जनपथ में उनसे मिलने आये दीपक को गले लगाया और उनकी जमकर तारीफ की। कांग्रेस पार्टी ने भी अपने आधिकारिक एक्स पेज पर उनके गले मिलने की तस्वीर देते हुए लिखा दो भाई-मोहब्बत के सिपाही। मोहम्मद दीपक ने एकता, भाईचारे और हिम्मत की वो मिसाल पेश की है-जो देश के हर युवा को अन्याय और नफरत के खिलाफ लड़ने का हौसला देगा। दीपक मोहब्बत की दुकान के योद्धा हैं-पूरे देश को इन पर गर्व है। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सोशल मीडिया एक्स पर दीपक से मुलाकात के बाद लिखा हर इंसान, एक समान, यही है भारतीयता, यही है मोहब्बत की दुकान। उत्तराखंड के भाई मोहम्मद दीपक से मुलाकात-एकता और साहस की ऐसी ही लौ हर भारतीय युवा में जलनी चाहिए।



# नार्थ इण्डिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 का आयोजन



नजीबाबाद (चिंगारी)। स्पोर्ट्स फेस्ट का शुरुआती मुकाबला बीए व बीबीए/एमबीए/डी फार्मा की संयुक्त टीम के बीच खेला गया, जिसमे टॉस जीतकर बीए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लेते हुए निर्धारित 10 ओवर में 56 रन बनाए। इस प्रकार 56 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए मात्र 5.5 ओवर मे बीबीए/फार्मेसी की टीम ने 9 विकेट से मैच अपने नाम किया तथा इसी टीम के अमन कुमार को मैंन ऑफ द मैच चुना गया। स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 के संयोजक शिव कुमार तथा कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार, वैभव जैन व अमित कुमार तथा एनआईजीसी क्रिकेट अकादमी से कोच अहमद उद्दीन की देखरेख में आयोजित टूर्नामेंट में सभी टीमों के कोऑर्डिनेटर सहित बड़ी संख्या में कॉलेज स्टाफ व दर्शक उपस्थित रहे। स्पोर्ट्स फेस्ट 2026 के आयोजको ने एनआईजीसी के कार्यकारी निदेशक अभिनव अग्रवाल का स्वागत किया तथा उन्हीं के द्वारा फेस्ट का फीता काटकर उद्घाटन भी किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि ने सभी छात्र-छात्राओ को शुभकानाए दी। एनआईजीसी कुलसचिव गौरव वर्मा, एनआईआईटी प्रिंसिपल डॉ. शिवानी चौहान, प्रिंसिपल डॉ. नीलावती, डॉ. नवनीत राजपूत, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ.राम किशोर व पॉलिटेक्निक प्रिंसिपल मानिक गुप्ता ने सयुक्त रूप से विजेताओ को ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया।

# बसपा ही मुस्लिमों की सच्ची हितैषी: नाजिम अल्वी

## बसपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष डीपी सिंह रवि का स्वागत किया



नजीबाबाद/मंडावली (चिंगारी)। बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में क्षेत्र के भागूवाला में बसपा नेता अबरार आलम एडवोकेट के आवास पर अशोक कुमार सैक्टर अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं सुरेश रवि के संचालन बैठक आयोजित की गई। बैठक में बूथों के गठन का कार्य एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों को पार्टी से जोड़ा गया। प्रदेश में चार बार रही बसपा सरकार में मुस्लिमों के साथ सर्वसमाज के लिए किए गए कार्यों को विस्तार से बताया गया। दो बूथों के गठन का कार्य किया गया। 2027 में बहन कुमारी मायावती को पांचवी बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। साथ ही नवनियुक्त जिला अध्यक्ष डीपी सिंह रवि का फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया गया। बैठक में डीपी सिंह रवि (जिलाध्यक्ष), अबरार आलम एड0, मंडल प्रभारी मुस्लिम भाईचारा कमेटी नाजिम अल्वी, रोहिताश सिंह, नरेंद्र कुमार रवि (विधानसभा क्षेत्र प्रभारी), जसवंत सिंह, सुरेश कुमार रवि, डॉ. कलवा विश्वकर्मा, इफ्तखार उर्फ भूरे, नेतराम सिंह, नंदराम प्रजापति, विजेंद्र कश्यप, नासिर सैफी, सुरेंद्र सिंह, टीकम सिंह कश्यप, सुनील आदि उपस्थित रहे।

# हिंदू सम्मेलन में हिंदू संस्कृति पर प्रकाश डाला




नजीबाबाद (चिंगारी)। मालिनी नगर के गुरु नानक बस्ती पारसलोक कॉलोनी में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक दीप्तिमान ने परंपरानुसार दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सह नगर कार्यवाह नरेशचंद के संचालन में सरस्वती विद्या मंदिर की बहनों द्वारा सरस्वती वंदना की गई। मुख्य वक्ता के रूप में जिला प्रचारक दीप्तिमान, राहुल तिवारी जिला सेवा प्रमुख, विपिन आदि ने हिंदू सम्मेलन के द्वारा हिंदू संस्कृति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह रहे। कार्यक्रम में नगर एवं खंड प्रचारक ऋतिक, सामाजिक समरसता जिला संयोजक द्रवित, सामाजिक सद्भाव प्रमुख अंकित, सह प्रमुख मोंटी, जगदीश जोशी, सरदार रॉबिन सिंह, चैधरी ईशम सिंह, रितेश सैन आदि उपस्थित रहे।

# झालू में सात दिवसीय सबीना आज होगा मुकम्मल

## पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद ने की दुआ में शिरकत की अपील



झालू ( चिंगारी )। कस्बा झालू में पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद के आवास पर आयोजित सात दिवसीय सबीना आज मुकम्मल होगा। इस अवसर पर विशेष दुआ का आयोजन किया जाएगा। सात दिनों से लगातार जारी इस रूहानी कार्यक्रम में कुरआन-ए-पाक की तिलावत और दुआओं का सिलसिला चलता रहा। कार्यक्रम के समापन पर मुल्क में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे के लिए खास दुआ की जाएगी। पूर्व चेयरमैन शहजाद अहमद ने कस्बे के तमाम लोगों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उनके आवास पर पहुंचकर दुआ में शिरकत करें और सवाब हासिल करें।

**कार्यालय अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका परिषद नजीबाबाद ( बिजनौर )**

अधिसूचना अंतर्गत धारा-147(2)यू.पी. म्यु एक्ट 1916

समस्त प्रभावित पक्षों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि श्री इसरार अहमद पुत्र अब्दुल रशीद मौहल्ला सेवाराम तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर में नगरपालिका परिषद के कर सम्बन्धी अभिलेखों/अनुसूची में अंकित सम्पत्ति में श्री इरफान अहमद पुत्र श्री अब्दुल रशीद नजीबाबाद जिला बिजनौर के नाम के बजाये अपना नाम अंकित किये जाने हेतू रजिस्टर्ड दानपत्र व शपथ पत्र सहित आवेदन पत्र दिया है। अतः प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित प्रमाण प्रस्तुत कर दें। अपूर्ण एवं कालातीत पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण सम्पत्ति सं:- 184 मौहल्ला सेवाराम नगर व तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर।

**अधिशासी अधिकारी**
**न.पा. परिषद, नजीबाबाद**

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



ATHER

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है
आवश्यकता है-
मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक
मो. 9119766026

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph-9240083911

# राष्ट्रीय पाक कला प्रतियोगिता में आईएचएमएस रहा दूसरे स्थान पर

### हल्द्वानी में हुई थी प्रतियोगिता 21 कॉलेजों ने किया प्रतिभाग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कॉलेज ने राष्ट्रीय पाक कला प्रतियोगिता अभ्युदय 20वीं राष्ट्रीय हॉस्पीटेलिटी टैलेंट हंट- 2026 में दूसरा स्थान प्राप्त कर कॉलेज और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद कॉलेज पहुंचे छात्रों का कॉलेज प्रबंधन ने स्वागत किया और प्रतिभागियों को सम्मानित किया।

आईएचएमएस कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी ने बताया कि गत दिनों आम्रपाली यूनिवर्सिटी हल्द्वानी की ओर से 20वां अभ्युदय राष्ट्रीय हॉस्पीटेलिटी टैलेंट हंट-2026 प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था, जिसमें देशभर के करीब 21 कालेजों के होटल मैनेजमेंट कोर्स के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया था। कोटद्वार आईएचएमएस के ट्रेनर शैफ व असिस्टेंट प्रोफेसर अतुल कुमार के मार्गदर्शन में कॉलेज के बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (बीएचएम) कोर्स में शिक्षा लेने वाले 06 छात्रों ने प्रतिभाग किया, जिसमें छात्रों ने गढ़वाली कुमाउंनी व्यंजन, बैकरी प्रोडक्ट, इंटरनेशनल कुजीन और बार प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर देश भर में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।




प्रतिभागी छात्रों को कालेज पहुंचने पर किया गया सम्मानित।

होटल मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर वीरेंद्र आर्य ने बताया कि छात्र अर्पित जखमोला और आदित्य बिष्ट ने इंटरनेशनल कुजीन में इटालियन व्यंजन इन्सालाता डी फुंगी अल्फोर्नो, चिकल कैचियातोर, पैनाकोटा कॉन कूली दी फ्रागोले व्यंजन बनाए, जबकि छात्र शिवम गुसाईं और शांतनु नेगी ने ह्वाइट चौकलेट डिलाइट, ऑरेंज सूफले आदि तथा छात्र पुनीत बिष्ट और आशीष रावत ने एसप्रेशो शॉट, इनोवेटिव मॉकटेल आदि बनाकर निर्णायकों के सामने परोसे। निर्णायकों द्वारा दिये गये अंकों के आधार पर आईएचएमएस कॉलेज को दूसरा स्थान दिया गया। बलभद्रपुर स्थित आईएचएमएस कॉलेज परिसर में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी और निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाईं ने प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कॉलेज के जनसंपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, विभागाध्यक्ष वीरेंद्र आर्य, ट्रेनर शैफ अतुल कुमार सहित बीएचएम विभाग के सभी प्राध्यापक मौजूद रहे।

## धौलखेत खाल में बहुउद्देश्यीय शिविर लगाया नौ शिकायतें आईं, सबको मौके पर निपटाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में संचालित जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार अभियान के तहत विकासखंड जयहरीखाल की न्याय पंचायत धौलखेतखाल में बहुउद्देश्यीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 9 शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें सभी शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। विभिन्न विभागों की ओर से संचालित योजनाओं के तहत 201 लोगों को लाभान्वित किया गया। शिविर में कुल 503 लोगों ने प्रतिभाग कर अपनी समस्याएं और सुझाव अधिकारियों के समक्ष रखे।

शिविर की अध्यक्षता प्रभागीय वनाधिकारी भूमि संरक्षण लैंसडाउन स्पर्श काला द्वारा की गई। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की इस पहल का उद्देश्य ग्रामीणों को एक ही स्थान पर समस्याओं के समाधान के साथ-साथ सरकारी योजनाओं से जोड़ना है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि ऐसे शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर योजनाओं का लाभ उठायें। शिविर में स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बाल विकास, वन, राजस्व, आयुर्वेदिक एवं यूनानी, पूर्ति विभाग, रीप सहित कुल 23 विभागों ने स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी दी और पात्र लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख रणबीर सिंह सजवाण, ज्येष्ठ उप प्रमुख सुरेन्द्र सिंह, कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी राजबीर सिंह, ग्राम विकास अधिकारी प्रताप सिंह चौहान सहित अन्य अधिकारी और स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## अप्रैल में मनाया जायेगा 'रेजिमेंट स्थापना दिवस'

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन कोटद्वार की काशीरामपुर तल्ला में आयोजित बैठक में माह अप्रैल में मनाए जाने वाले रेजिमेंट स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों सहित क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में वक्ताओं ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण पर लगी रोक को सुप्रीम कोर्ट द्वारा हटाने पर हर्ष व्यक्त किया गया। साथ ही इस बात पर भी रोष व्यक्त किया गया कि इस विषय पर सुप्रीम कोर्ट में पूर्व में जोरदार पैरवी नहीं की गई, अन्यथा यह रोक कब की हट गई होती। मौके पर वक्ताओं ने शहर में पार्किंग समस्या, सड़कों पर बढ़ते बेसहारा गौवंश, अतिक्रमण और बंदरों के बढ़ते आतंक पर चर्चा करते हुए इन समस्याओं के समाधान की मांग की। बैठक में संगठन संरक्षक सोहन सिंह गुसाईं, सचिव बलवान सिह रावत, गोपाल सिंह नेगी, राम सिंह रावत, सर्वेश्वर सिंह रावत, चन्द्रशेखर सिंह चौहान, डबल सिंह असवाल, अनूप ध्यानी और कमलेश्वर प्रसाद सहित संगठन से जुड़े अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

## लिव इन रिलेशनशिप कानून वापस लेने की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उत्तराखंड सरकार से लिव इन रिलेशनशिप कानून को वापस लेने की मांग की है। कहा कि यह कानून हिन्दू रीति-रिवाजों और परंपराओं के विरुद्ध है। इस संबध में परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि यह कानून युवाओं को हिंदु संस्कृति से भटका रहा है। इस कारण राज्य में अनैतिक घटनाओं में वृद्धि हो रही है। इसलिए इस कानून को वापस लिया जाना चाहिए। तय किया गया कि इस संबध में शीघ्र ही शासन को ज्ञापन प्रेषित किया जायेगा। बैठक में परिषद अध्यक्ष देवेंद्र नेगी, जीके बड़थ्वाल, बलवान सिंह रावत, सुरेश रावत, हरीश खुगशाल और संजय असवाल सहित परिषद के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## 'एकांश' ने गढ़वाली भाषा के संरक्षण पर दिया बल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर धाद लोकभाषा एकांश की ओर से आयोजित समारोह में गढ़वाली भाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए सामूहिक प्रयास करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान साहित्यकार व चित्रकार अनुसुया प्रसाद डंगवाल को धाद सम्मान से सम्मानित किया गया।

नगर निगम प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उद्यमी दीपक बनियाल, विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त पीएल शाह, गढ़वाल हितैषणी सभा दिल्ली के रमेश घिल्डियाल व कार्यक्रम अध्यक्ष जगदंबा प्रसाद कोटनाला ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उद्यमी दीपक बनियाल ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि गढ़वाली भाषा के संरक्षण को इस तरह के प्रयास बहुत जरूरी हैं। बताया कि उनके पिता डॉ. सच्चिदानंद बनियाल दिल्ली में धाद के संस्थापक सदस्यों में रहे। विशिष्ट अतिथि महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि युवाओं के साथ ही भावी पीढ़ी को भी गढ़वाली भाषा के उत्थान के लिए आगे आना चाहिए। इसके लिए अपने घर से ही शुरुआत करनी होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संस्था संरक्षक जगदंबा प्रसाद कोटनाला ने कहा कि गढ़वाली भाषा को संरक्षित करने के लिए भावी पीढ़ी को आपसी विमर्श के दौरान इस भाषा को महत्व देना चाहिए।

**अनुसुया प्रसाद डंगवाल 'धाद सम्मान' से सम्मानित**

तत्पश्चात साहित्यकार व चित्रकार अनुसुया प्रसाद डंगवाल को धाद सम्मान से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बचपन से ही उन्हें लेखन और चित्रकारी का शौक था। कार्यक्रम के दौरान अनुसुया प्रसाद डंगवाल के नाटक मायादार भूत का रश्मि बहुखंडी के निर्देशन में उत्कर्ष, नेहा, अलका, आंचल, शिवम, दीपक, सुंदर लाल जोशी, आभास, रूपा, लक्ष्मी ने मंचन किया। साथ ही सुखदेव दर्द की पुस्तक चितेली त्यारा बानो का विमोचन किया गया। मौके पर आयोजित कवि सम्मेलन में राजेश खत्री, वंदना बडोला, सरोजनी कुकरेती, संपत्ति नेगी, महेंद्र जदली और मनोज घिल्डियाल आदि कवियों ने कविताओं की प्रस्तुति दी। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष रिद्धि भट्ट, सचिव राजेश खत्री, सोहन मैंदोला, चंद्रप्रकाश नैथानी, सुरेंद्र लाल आर्य, प्रवेश नवानी, कमला जोशी, आयुष जोशी, दुर्गा रावत और गीता सैलानी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


## नलों में नहीं आ रहा पानी, लोगों को हो रही परेशानी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नं. 6 काशीरामपुर तल्ला निवासी, घरों के नलों में पानी की अनियमित आपूर्ति से परेशान हैं। पेयजल आपूर्ति नियमित न होने के कारण उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस संबध में सोमवार को स्थानीय पार्षद सूरज प्रसाद कांती के नेतृत्व में वार्डवासियों ने जल संस्थान कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि गर्मी का मौसम आरंभ भी नहीं हुआ है और क्षेत्र में अभी से पेयजल संकट गहराने लगा है। पेयजल की अनियमित आपूर्ति के कारण उन्हें गृह कार्य निपटाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि समस्या का शीघ्र निराकरण न किया गया तो गर्मियों में वार्ड वासियों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। कहा कि पेयजल की अनियमित आपूर्ति के चलते पानी के बिल भी उनसे नहीं लिए जाने चाहिए। ज्ञापन में अधिशासी अभियंता से समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में नीता नेगी, सरोजनी रावत,परमेश्वरी गुसाई, नीलम कुकरेती और जगत सिंह बिष्ट आदि शामिल रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# बाईपास फोरलेन निर्माण को लेकर नजीबाबाद में सियासत तेज



## खुर्शीद मंसूरी ने बाईपास निर्माण मंजूरी में सांसद व अपना भी प्रयास बताया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के आजाद चौक से नई जजी बाईपास (हरिद्वार रोड) फोरलेन निर्माण को लेकर नजीबाबाद में सियासत तेज हो गई है। इस संबंध में आजाद समाज पार्टी के मुरादाबाद मंडल प्रभारी एवं चेयरमैन साहनपुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर एक जनप्रतिनिधि द्वारा बाईपास निर्माण का श्रेय केवल अकेला लेने पर आपत्ति जताते हुए बताया कि उनके दावे पूर्णतः गलत व भ्रामक हैं। खुर्शीद मंसूरी ने क्रमवार तथ्यों के साथ अपनी बात रखते हुए बताया कि बाईपास निर्माण का मुद्दा सांसद चंद्रशेखर आजाद व उन्होंने सबसे पहले डीएम बिजनौर के सामने उठाया था। अधिशासी अभियंता ने जानकारी दी थी कि शासन को इसका प्रस्ताव भेजा जा चुका है। उन्होंने सांसद प्रतिनिधि का पत्राचार सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी द्वारा भी लोक निर्माण विभाग को मार्ग निर्माण के संबंध में भेजे जाने की जानकारी दी। आसपा के मंडल प्रभारी खुर्शीद मंसूरी ने बताया कि उन्होंने स्थानीय स्तर पर भी इस मुद्दे को उठाते हुए स्वयं दिशा कमेटी की बैठक में सांसद को इस संबंध में पत्र सौंपा था, जिसके बाद मामले को गंभीरता से उठाया गया। उन्होंने बताया कि बाईपास का मुद्दा लगातार सांसद, जनप्रतिनिधियों व सामाजिक संगठनों द्वारा उठाया जाता रहा है। ऐसे में किसी एक व्यक्ति द्वारा इसका श्रेय लेना जनता को गुमराह करने जैसा है।

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
₹8/- PER SQ. FT सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

Gents Specialist
Suit Sherwani Pant Shirt Fancy Coat Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

आवश्यकता है
Hero
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
( हीरो मोटो कॉर्प शोरूम )
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

BACHPAN
ADMISSIONS OPEN
PLAY GROUP
NURSERY | LKG | UKG
Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144 Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928